दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 106 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंलगवार 05 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# भजनलाल शर्मा ने जहां-जहां प्रचार किया वहां प्रचंड बहुमत से जीती भाजपा: मुख्यमंत्री आवास और भाजपा कार्यालय ऐतिहासिक जीत से हुआ गुलजार

## मुख्यमंत्री आवास पर जीत के जश्न में पार्टी जनों ने एक दूसरे को खिलाई झालमुड़ी, भाजपा कार्यालय में आयोजित जश्न समारोह में भजन लाल शर्मा, मदन राठौड़, सतीश पूनिया, घनश्याम तिवारी, अशोक परनामी सहित कई बड़े नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम बंगाल, असम और सिक्किम तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में जबरदस्त खुशी का माहौल छाया हुआ है इसी क्रम में राजस्थान में भी सोमवार को सुबह से ही जैसे ही मतगणना के रुझानों में पश्चिम बंगाल असम और सिक्किम में भारतीय जनता पार्टी को शानदार बढ़त को देखकर भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास की ओर अपने कदम खींच लिए और बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा के छोटे बड़े सभी नेता एकत्रित हो गए, इसी तरह का माहौल राजस्थान भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भी देखने को मिला जहां पर पार्टी को तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत को मिलता देखकर बड़ी संख्या में भाजपा के छोटे बड़े सभी नेता कार्यालय में पहुंच गए,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले से ही पश्चिम बंगाल, असम और सिक्किम में पार्टी की जीत को लेकर पूरी तरह से टेंशन फ्री थे इसलिए उन्होंने पहले से ही जीत के जश्न के लिए मुख्यमंत्री आवास पर शानदार व्यवस्था की हुई थी मुख्यमंत्री आवास पर राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य हीरालाल नागर, कन्हैयालाल चौधरी और कई अन्य नेता सोमवार सुबह-सुबह ही पहुंच गए थे यहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक दूसरे को झालमुड़ी खिलाकर जश्न को यादगार बना दिया, बाद में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पहुंचे जहां पर पहले से ही मौजूद भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार तरीके से वेलकम किया यहां पर भी भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेता तीन राज्यों में पार्टी को मिली जीत से काफी उत्साहित और खुश नजर आ रहे थे प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी जनों ने ढोल नगाड़े की धुन पर काफी देर तक डांस किया इसमें भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा की जीत पर जमकर ठुमके लगाए ।






## पीएम मोदी युगपुरुष जो सालों में होते हैं पैदा, राजस्थान में भी अगली बार फिर से भाजपा की सरकार बनेगी

पश्चिम बंगाल, असम और सिक्किम में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने के बाद राजस्थान भाजपा कार्यालय में जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरह से युग पुरुष हैं और युग पुरुष सालों में पैदा होते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक-एक विजन और संकल्प को पूरा कर रहे हैं पश्चिम बंगाल ,असम और सिक्किम में पार्टी को मिली जीत पीएम मोदी, अमित शाह और नितिन नवीन सहित भाजपा के उन सभी केंद्रीय नेताओं के विजन और सपने को साकार कर रही है जिसमें हमारी पार्टी के नेताओं ने देश में एक संविधान और एक विधान की अवधारणा के बारे में संकल्प लिया हुआ है उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होंने एक संविधान और एक विधान की अवधारणा को स्वीकार करने की बात कहीं और जम्मू कश्मीर से धारा370 हटाने की पुरजोर डिमांड की इसी बात को लेकर उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा तक दे दिया था बाद में जम्मू कश्मीर जाने के दौरान उनकी हत्या भी कर दी गई उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी दिवंगत महान नेता राष्ट्र भाव और राष्ट्रभक्त के विचारों से परिपूर्ण थे और देश में और हर राज्य में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र भाव रखने वाली पार्टी के हाथ में ही शासन की बागडोर देखना चाहते थे उन्होंने कहा कि आज तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत से साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भाजपा के उन दिवंगत महान नेताओं के सपने और विजन को पूरा कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत के युवाओं की होगी और 21वीं शताब्दी में पूरी दुनिया में भारत का डंका बजेगा 1893 में एक नरेंद्र की कहानी इस बात को आज एक दूसरे नरेंद्र साकार कर रहे हैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तो तेजी से प्रगति कर ही रहा है इसके अलावा पूरी दुनिया में भारत का सम्मान तेजी से बढ़ रहा है और पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है, मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था पश्चिम बंगाल में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में हत्या की गई भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को वहां अपंग कर दिया गया लेकिन इसके बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम बंगाल के संगठन से जुड़े नेताओं ने अपना हौसला धैर्य और हिम्मत बनाए रखा और पूरी ताकत से टीएमसी सरकार से लड़ते रहे जिनकी बदौलत पश्चिम बंगाल में भाजपा को सफलता मिली उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल असम और सिक्किम में पार्टी को मिली जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राजस्थान के वे सभी तमाम नेता जिन्होंने वहां जाकर चुनाव प्रचार किया और कड़ी मेहनत की उसी का परिणाम है कि हमारी तीन राज्यों में जीत हुई है उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप चिंता मत कीजिए राजस्थान में भी अगले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की दोबारा से सरकार बनेगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन से वहां पर डबल इंजन की सरकार से पश्चिम बंगाल में विकास के एक नए युग का शुभारंभ होगा वहां पर लोग अब अब सुकून की जिंदगी जिएंगे मुख्यमंत्री शर्मा ने पश्चिम बंगाल की जनता को भी जीत की बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जो भरोसा और विश्वास भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रकट किया है इस विश्वास और भरोसे के दम पर पश्चिम बंगाल अब विकास के नए आयाम स्थापित करेगा ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बंगाल और असम में जहां-जहां प्रचार किया वहां भाजपा को शानदार सफलता मिली

भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पश्चिम बंगाल असम में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारक के रूप में नियुक्त किया था इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने पश्चिम बंगाल और असम में कई विधानसभा सीटों पर जमकर चुनाव प्रचार किया रोड शो का आयोजन करके वहां पर जनसभाओं को उन्होंने संबोधित भी किया इसके अलावा पश्चिम बंगाल और असम में प्रवासी राजस्थानियों के साथ उन्होंने सामूहिक संवाद करके डबल इंजन की सरकार के फायदे गिने और कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो यहां पुष्टिकरण और भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा और पश्चिम बंगाल में डबल इंजन की सरकार की वजह से विकास के एक नए युग का शुभारंभ होगा प्रवासी राजस्थानियों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लोकप्रियता देखते ही बनती थी इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से सिलीगुड़ी और कई अन्य विधानसभा सीटों पर शानदार कई किलोमीटर तक का रोड शो आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे मुख्यमंत्री शर्मा का रोड शो पश्चिम बंगाल के मीडिया में भी काफी चर्चा का विषय बना रहा मुख्यमंत्री शर्मा ने सिलीगुड़ी और पश्चिम बंगाल मेंजिन-जिन सीटों पर प्रचार किया वहां पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत मिला है इसलिए पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत में मुख्यमंत्री शर्मा के योगदान की भी खूब चर्चा हो रही है इसी तरह से असम में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ कई घंटे तक सामूहिक संवाद किया था।

## देश की जनता ने राष्ट्रवाद को स्थापित कर दिया, अब तो ट्रंप को भी चुनाव में मोदी और शाह की सेवाएं लेनी होगी : सतीश पूनिया

जयपुर टाइम्स

**(कासं.)**जयपुर पश्चिम बंगाल, असम और सिक्किम में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार जीत के अवसर पर हरियाणा भाजपा के प्रभारी और राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस जीत से साबित हो गया है कि देश की जनता ने राष्ट्रवाद को स्थापित कर दिया है उन्होंने कहा कि यह वैचारिक और सिद्धांतों की जीत है यह सुशासन की जीत है पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति जिसे एक न एक दिन सभी को मानना पड़ता है, यह जीत इसी का परिणाम है उन्होंने कहा कि अब तो ऐसा लगता है कि दुनिया में जहां कहीं भी चुनाव हो और यहां तक की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सेवाएं लेनी



पड़ सकती है । सतीश पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से जुड़ी योजनाओं और वैचारिक मुद्दों से देश के लोगों का जो जीवन बदला है उसी का नतीजा है कि पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने के बाद देश में 21 राज्यों में हमारी सरकार हो गई है उन्होंने कहा कि इस जीत में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत भी छुपी हुई है और पार्टी का माइक्रो मैनेजमेंट भी अपना महत्व रखता है उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के रूप में विराजमान होने का पगफेरा भी अच्छा हुआ है हरियाणा भाजपा के प्रभारी पूनिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुसलमान भी ममता बनर्जी सरकार से काफी परेशान थे वहां पर बांग्लादेश से आए घुसपैठियों ने असंतुलन की स्थिति पैदा करती थी इसकी वजह से पश्चिम बंगाल के मुस्लिम समुदाय के लोग भी ममता बनर्जी सरकार से काफी दुखी थे, पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और दृष्टीकरण चरम सीमा पर था और वहां के लोग मोदी सरकार के कार्यों और विजन को देख रहे थे इसीलिए उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया ।


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब पश्चिम बंगाल छुएगा विकास की नई बुलंदियां- मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भाजपा को मिली शानदार जीत के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ भाजपा पदाधिकारीगण, सरकार के मंत्रीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बंगाली मिठाई संदेश मिष्टी दोई खिलाकर खुशी व्यक्त की।प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झालमुडी खाई तथा कार्यकर्ताओं को खिलाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सहित असम और पुदुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पूरे हिंदुस्तान के राष्ट्रभक्त नागरिकों में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब पश्चिम बंगाल विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। भाजपा सरकार अब पश्चिम बंगाल की जनता को सुशासन देगी। राठौड़ ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उनकी टीम को भी पश्चिम बंगाल चुनाव में जनजागरण चलाने और भारी बहुमत के साथ कमल खिलाने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन से आमजन परेशान हो गया था। ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से जुड़े क्षेत्रों में लगातार घुसपैठियों को देश में प्रवेश करवाया। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी ने जैसा आचरण वहां की



जनता के साथ किया, उससे परेशान मतदाताओं ने ममता को हराकर कमल खिलाने का काम किया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के मंसूबों को नेस्तनाबूत करने का काम किया। अब देश में एक भी घुसपैठिया नहीं घुस पाएगा। ममता के गुंडे राष्ट्रभक्त लोगों के साथ मारपीट करते थे, जबरन उनके घरों में आग लगाने जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में अब बदलाव की बयार आई है। भाजपा की प्रचंड जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, कैलाश मेघवाल, भूपेंद्र सैनी, डॉ. मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, अजीत मांडण, एकता अग्रवाल, सीताराम पोसवाल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल, हीरालाल नागर, मदन दिलावर, गौतम दक, केके विश्नोई, मंजू बाघमार, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, कन्हैयालाल चौधरी, विजय सिंह, विधायक गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य महाराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं भाजपा प्रदेश पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
05 मई, 2026

## गूगलहेड़ी में पेयजल आपूर्ति बहाल, जिला कलेक्टर के निर्देश पर समस्या का समाधान

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले के ग्राम गूगलहेड़ी (ग्राम पंचायत मांचरोली) में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति लंबे समय से बाधित थी। ग्रामीणों के अनुसार, मोटर खराब होने के बावजूद इसकी समय पर मरम्मत नहीं करवाई गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान के लिए सोमवार को महिलाएं जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश से मिलीं और अपनी परेशानी से अवगत कराया। इस पर जिला कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) को खराब मोटर को ठीक करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना करते हुए विभाग ने मात्र 12 घंटे में पम्प सेट बदलकर नलकूप को पुनः चालू कर दिया, जिससे गांव में पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया।




अलवर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## वनकर्मियों से मारपीट व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** थाना अकबरपुर पुलिस ने वनकर्मियों के साथ मारपीट करने एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका रघुवंशी एवं वृताधिकारी थानागाजी इंदु लोदी के सुपरविजन में की गई। थाना अकबरपुर की थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुकदमा संख्या 20/2026 में धारा 189(2), 121(2), 132, 303(2), 74 बीएनएस एवं 3 पीडीपीपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार आरोपी–**

धोलाराम पुत्र बाबूलाल (24), राजेश उर्फ राजू पुत्र छोटेलाल (24), राकेश गुर्जर उर्फ मोटा पुत्र कन्हैयालाल (27), मुखराम पुत्र हरिराम (65), सीताराम उर्फ सीतो पुत्र ओमकार (60), रामखिलाड़ी उर्फ सांडा पुत्र मोहनलाल (32) एवं रूपराम पुत्र रामनिवास (35) निवासी काली खोल, थाना अकबरपुर, जिला अलवर।

**पुलिस टीम–**

थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश (983), हेड कांस्टेबल राकेश (1814) एवं कांस्टेबल लखमेन्द्र (692)। पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

## पियूष सोमवंशी शहर मंत्री नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री सोमवंशी (जायसवाल) क्षत्रिय युवा संगठन अलवर के जिलाध्यक्ष सुनील जायसवाल की सहमति से युवा संगठन के शहर अध्यक्ष मोहित सोमवंशी ने पियूष सोमवंशी को सोमवंशी (जायसवाल) क्षत्रिय युवा संगठन का शहर मंत्री नियुक्त किया है।

## पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को शहर में एक कार्रवाई को अंजाम देते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता (टीए) कृष्ण अवतार गुप्ता को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने यह ट्रैप कार्रवाई की। आरोपी अधिकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय, पीडब्ल्यूडी में पदस्थापित था और लंबे समय से एक परिवादी से एनओसी जारी करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के अनुसार, परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके बड़े भाई के पुत्र के नाम पर एचपीसीएल कंपनी का पेट्रोल पंप लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित स्टेट हाईवे 44 पर ग्राम बरखेड़ा में स्थापित किया जाना है। इसके लिए आवश्यक एलओआई जारी हो चुकी थी, लेकिन एनओसी देने के एवज में अधिशाषी अभियंता कृष्ण अवतार गुप्ता द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अधिकारी लगातार परिवादी को परेशान कर रहा था और काम करने के लिए पैसे देने का दबाव बना रहा था।

**सत्यापन में सही पाई शिकायत, की कार्रवाही:**

एसीबी ने 1 मई को शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत लेना और शेष 25 हजार रुपये की मांग करना प्रमाणित हुआ। इसके बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप की तैयारी की। उन्होंने बताया कि एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी उप अधीक्षक शब्बीर खान के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को जाल बिछाया। परिवादी जैसे ही आरोपी को 25 हजार रुपये की रिश्वत राशि देने पहुंचा, एसीबी टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस. परिमला के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, जिसकी जांच जारी है।

## रेलवे कर्मचारी की सूझबूझ से बची वृध्द महिला की जान, ट्रैक पर बैठकर कर रही थी आत्महत्या का प्रयास

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनिया कस्बे में सोमवार सुबह मांगरोल रोड ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंची एक वृध्द महिला की जान रेलवे कर्मचारी की सतर्कता से बच गई। जानकारी के अनुसार करीब सुबह 7:30 बजे रेलवे कर्मचारी चंद्रभान सिंह कुशवाह की नजर ट्रैक पर बैठी बुजुर्ग महिला पर पड़ी, जो ट्रेन का इंतजार कर रही थी। उन्होंने महिला को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी और करीब एक किलोमीटर आगे जाकर फिर ट्रैक पर बैठ गई। इसी दौरान ट्रेन आती देख कर्मचारी ने दौड़कर महिला को ट्रैक से हटाया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना के बाद आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए और महिला को समझाने लगे। महिला ने अपना नाम 85 वर्षीय रामवती निवासी लूला का पुरा बताया। उसने बताया कि पारिवारिक कलह से परेशान होकर वह यह कदम उठाने पहुंची थी। सूचना पर मनियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई वल्केश्वर और हेड कॉन्स्टेबल बृजेश शर्मा महिला को थाने लेकर आए और परिजनों को बुलाकर समझाइश के बाद उनके सुपुर्द किया।

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम रथ अभियान के तहत रायबका में आयोजित संध्या चौपाल का अवलोकन

### ग्रामीणों को दी 13 विभागों सरकार की कल्याणाकारी योजनाओं की जानकारी

### जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने ग्राम रथ अभियान के तहत अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायबका में आयोजित संध्या चौपाल का अवलोकन कर उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका जागरूक रहकर लाभ उठाने का आह्वान किया। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। जिला कलक्टर ने बताया कि ग्राम रथ अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है, उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का ना केवल लाभ उठावे, बल्कि अन्य लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करें।उन्होंने सोलर ऊर्जा की कुसुम बी योजना, पी एम सूर्यघर योजना, मंगला पशु बीमा योजना आदि का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के उद्देश्य से ग्राम रथ के साथ सुझाव पेटी लगाई गई है, जिसमें ग्रामीण अपने सुझाव एवं समस्याएं दे सकते हैं।इसका निस्तारण किया जावेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार के 13 विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्रचार-प्रसार सामग्री एवं साहित्य का भी वितरण किया जा रहा है।

### प्रगतिशील किसान को किया सम्मानित, विभागीय योजनाओं की प्रचार सामग्री का किया वितरण

कार्यक्रम के दौरान ग्राम किथूर निवासी प्रगतिशील किसान कालूराम को होर्टिकल्चर गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा 13 विभागों की योजनाओं की प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई, जिसको लेकर आमजन में बहुत उत्साह दिखाई दिया।

लोक कलाकारों ने संध्या चौपाल में दी आकर्षक प्रस्तुति इस दौरान लोक कलाकार शाहरूख खान एण्ड पार्टी के कला जत्थों द्वारा अपनी मधुर प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को 13 विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, एडीएम शहर बीना महावर, एसडीएम अरविन्द कविया, मालाखेड़ा प्रधान दौलतराम जाटव, जिला परिषद की एसीईओ आरती गुप्ता, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीणा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबधक संजय प्रधान एवं तहसीलदार अलवर अलवर रश्मि शर्मा, अशोक वर्मा, देशराज खरेरा, महेश पटेल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा व कानूनों के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अलवर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने स्कूल व कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा एवं नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका रघुवंशी के निर्देशन में यह अभियान संचालित हो रहा है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा स्कूल, कॉलेज, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त कर छेड़छाड़ व उत्पीड़न जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है। यूनिट द्वारा न्यू मुनिसी विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ट्रांसपोर्ट नगर तथा सार्थक व राजस्थान कोचिंग संस्थानों की बालिकाओं को राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए धोखाधड़ी के तरीकों से बचाव के लिए सावधान रहने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गरिमा हेल्पलाइन 1090 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इसके अलावा पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर शोषण के खिलाफ कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने यातायात नियमों के पालन एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर जोर देते हुए छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए।

**टीम में शामिल रहीं–**

महेन्द्रा कांस्टेबल धोली (2340), मंजू (2528), रेखा (1896) एवं अनिता (2315)। पुलिस के अनुसार इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## पुरुषार्थी समिति की निःशुल्क पेयजल टैंकर सेवा शुरू, रामगढ़ विधायक ने दिखाई हरी झंडी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भीषण गर्मी से जूझ रहे आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुरुषार्थी समिति, जिला अलवर द्वारा निःशुल्क पेयजल टैंकर सेवा का शुभारंभ किया गया। सेवा का शुभारंभ गुरुद्वारा, सुखधाम बस स्टैंड के पास से हुआ, जहां रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर टैंकर को रवाना किया। समिति जिलाध्यक्ष कुलदीप कालरा ने बताया कि यह सेवा पिछले तीन वर्षों से लगातार संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से गर्मी के मौसम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क पेयजल पहुंचाया जाता है। कार्यक्रम में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के निजी सचिव मनोज शर्मा सहित समस्त पुरुषार्थी समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शुभारंभ समारोह को पारंपरिक एवं धार्मिक स्वरूप देते हुए अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया तथा नारियल फोड़कर विधिवत शुरुआत की गई। साथ ही प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य को जनसहभागिता से जोड़ने का संदेश दिया गया। रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने पुरुषार्थी समिति के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुषार्थी समिति विगत कई वर्षों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है और हर वर्ष गर्मी के मौसम में यह निःशुल्क पेयजल सेवा संचालित की जाती है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आगे भी समिति इसी तरह सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाती रहेगी।

## नशा केवल स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि कानूनी रूप से भी खतरनाक है - पी एल वी महलावत



### नशीली दवाओं का दुरुपयोग पर लगाया जागरूकता शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनंत भंडारी के निर्देशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहनलाल सोनी के आदेशानुसार सोमवार को पी एल वी रेखा महलावत द्वारा ओंकार सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, अलवर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया निम्न जानकारी दी गई। उन्होंने शिविर में विद्यार्थियों को बताया कि नशा केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक ऐसी बुरी लत है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर, मन और जीवन को पूरी तरह नष्ट कर देती है। आज के समय में कई युवा उत्सुकता, तनाव, गलत संगति या फैशन के कारण नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं, लेकिन यह एक ऐसी राह है, जहाँ से वापस आना बहुत कठिन हो जाता है। उन्होंने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशे का असर व्यक्ति के हर पहलू पर पड़ता है जहां शरीर कमजोर हो जाता है, गंभीर बीमारियाँ जैसे लिवर डैमेज, हार्ट प्रॉब्लम, मानसिक प्रभाव, अवसाद, चिंता, गुस्सा निर्णय लेने की क्षमता खत्म हो जाती है। ऐसे में सामाजिक प्रभाव कि परिवार टूट जाते हैं ओर अपराध बढ़ते हैं। पी एल वी रेखा महलावत इस संबंध में कानूनी प्रावधान (NDPS Act) के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें कठोर सजा का प्रावधान है, जुर्माना, जेल (कई मामलों में लंबी सजा) भी है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि नशा केवल स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि कानूनी रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने बताया कि नशा एक ऐसी समस्या है, जो धीरे-धीरे पूरे समाज को खोखला कर देती है, लेकिन अगर हम सभी मिलकर जागरूकता फैलाएं और ड्रग्स की योजनाओं का सही उपयोग करें, तो हम निश्चित रूप से एक नशा मुक्त भारत बना सकते हैं। इसके साथ साथ विद्यार्थियों को साइबर क्राइम , बाल विवाह और पॉक्सो एक्ट की जानकारी के साथ हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन - 1930 के नंबर भी बच्चों को बताएं ।

## जिला कलक्टर ने जावली में निर्माणाधीन 220 केवी जीएसएस का किया निरीक्षण

### कार्य को गुणवत्ता के साथ अक्टूबर माह तक पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के जावली में निर्माणाधीन 220 केवी ग्रिड जीएसएस का निरीक्षण कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के जावली में बजट घोषणा के तहत निर्माणाधीन 220 केवी जीएसएस का निरीक्षण कर आरवीपीएनएल के अधीक्षण अभियंता से निर्माण कार्य की प्रगति का फीडबैक लेकर निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ अक्टूबर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन जीएसएस की भूमि पर पूर्व में संचालित 33 केवी जीएसएस को चिन्हित भूमि पर एक माह में शिफ्ट करावें, जिससे 220 केवी जीएसएस निर्माण कार्य को गति मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसएस निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की पूर्ण रूप से पालन करते हुए सामग्री एवं उपकरण निर्धारित मानकों के अनुसार ही प्रयोग में लिए जाएं। जिला कलक्टर ने इस दौरान जावली पीएचसी प्रभारी के द्वारा पीएचसी भूमि पर अतिक्रमण के बारे में अवगत कराने पर तहसीलदार को भूमि को यथाशीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता राधेश्याम बांसल, आरवीएनएल के अधीक्षण अभियंता महिपाल यादव, तहसीलदार लक्ष्मणगढ़ हरदयाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मुकनगढ़ में फूटा जनाक्रोश:अतिक्रमण नहीं हटा तो सड़कों पर उतरेगा गांव

**सुमेरपुर(निस)।** मुकनगढ़ ग्राम पंचायत (चाणोद) में खसरा नंबर 688 पर हुए अतिक्रमण को लेकर अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। लगातार शिकायतों और प्रशासनिक आदेशों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को चेतावनी भरा ज्ञापन सौंपते हुए साफ कह दिया कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटा तो गांव सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। ग्रामीणों ने बताया कि करीब छह माह पूर्व 'प्रशासन गांवों के संग' अभियान के दौरान इस मामले की शिकायत की गई थी, जिस पर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए थे। बावजूद इसके आज तक मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि मामले को जानबूझकर लटकाया जा रहा है और शिकायतकर्ताओं को लगातार टालमटोल किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण आम रास्तों और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर दबाव बढ़ गया है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर अब भी कार्रवाई नहीं होती है तो हालात बिगड़ सकते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि खसरा नंबर 688 से अतिक्रमण तत्काल हटाकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान छैलसिंह गोहिल, बाबुसिंह गोहिल, छोगसिंह खिमसिंह, भवरसिंह जबरसिंह सहित समस्त ग्रामवासी मुकनगढ़ मौजूद रहे और एकजुट होकर प्रशासन को चेतावनी दी।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय में जिला पर्यावरण समिति, साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में रथों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु संबंधित 13 सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों (DLO) एवं कर्मचारियों की ग्राम रथ कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से स्व-गणना कर अपनी जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने जिले में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर माइक्रो लेवल पर एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल अनिवार्य है। बैठक में वृक्षारोपण अभियान के लिए भूमि चयन, पौधों की उपलब्धता, नर्सरियों में प्लांटेशन की तैयारी, ष्टस्स् के माध्यम से पौधारोपण करवाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आमजन को इस अभियान से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को विभागवार लक्ष्य तय कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाने और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सभी नगर निकायों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध तथा पुलिस विभाग को रात्रि 10 बजे के बाद डीजे संचालन पर रोक के निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु निर्धारित सभी लक्ष्य को पूर्ण कर अधिकाधिक ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने कि दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी ओमप्रकाश किराड, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक वीरेंद्र त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मदन राठौड़ ने नई का नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और लोगों के साथ के साथ चाय की दुकान पर जनसंवाद भी किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को बस्सी इलाके में विख्यात नई का नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश के लोगों की खुशहाली और प्रदेश के विकास के लिए भगवान से प्रार्थना की इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े कई बड़े नेता और पार्टी के वर्तमान और पूर्व विधायक भी राठौर के साथ मौजूद रहे। बस्सी से भाजपा की टिकट पर पिछला चुनाव लड़ने वाले चंद्र मोहन मीणा भी राठौड के साथ इस दौर में नजर आए इस मौके पर राठौड के मंदिर में पहुंचने पर मंदिर प्रशासन की ओर से राठौर का स्वागत किया गया और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से मंदिर के विकास के लिए आवंटित किए गए 10 करोड रुपए के संदर्भ में मदन राठौड़ का आभार भी प्रकट किया । इस मौके पर राठौर ने मंदिर प्रशासन से जुड़े लोगों से कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी छोटे-बड़े मंदिरों की मरम्मत, रखरखाव और विकास कार्यों के लिए अच्छा बजट आवंटित कर रही है कई मंदिरों में उज्जैन के महाकाल मंदिर की तरह कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है और विख्यात मंदिरों को टूरिस्ट क्षेत्र से जोड़कर और भी पॉपुलर बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि नई का नाथ मंदिर काफी ऐतिहासिक है और इसकी महिमा भी काफी निराली है लोकेशन भी काफी सुंदर है और इस मंदिर से लाखों लोगों की आस्था सीधी जुड़ी हुई है और वह खुद भी यहां बार-बार आना पसंद करते हैं मदन राठौड़ ने बस्सी क्षेत्र में ही चाय की दुकान पर लोगों के साथ सामूहिक जनसंवाद किया चाय की चुस्की लेते हुए उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में सवाल-जवाब किया और उन्होंने लोगों से यह भी पूछा कि इन योजनाओं का उन्हें ठीक तरह से फायदा मिल रहा है या नहीं। ग्रामीणों ने जनसंवाद के दौरान इलाके की समस्याओं के बारे में भी बताया जनसंवाद के दौरान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं हर क्षेत्र में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सशक्त नेतृत्व से देश को कई बार कठिन और विषम परिस्थितियों से भी सुरक्षित बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है यह पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज भारत की बात को पूरी दुनिया के तेज सुनते हैं और मोदी की बात को एफिशिएट भी करते हैं जन संवाद के दौरान मदन राठौड़ ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2012 के बाद देश की महिलाओं की जीवन शैली को काफी कुछ बदल दिया है पहले महिलाएं कई तरह की समस्याओं और पीड़ाओं को सहन करती रहती थी लेकिन वर्ष 2014 के बाद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के विकास और कल्याण को प्राथमिकता से लिया इसीलिए उन्होंने उज्जवला गैस योजना, हर घर में शौचालय, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना इत्यादि कई योजनाएं लागू करके देश में महिलाओं की जिंदगी को नई दिशा दी है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि महिलाओं को उनका अधिकार और उन्हें पूरा सम्मान मिले इसीलिए महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद में आए थे लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जो हमेशा परिवारवाद को राजनीति में बढ़ावा देते हैं वह यह नहीं चाहते थे कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की संख्या ज्यादा हो इसलिए उन्होंने महिला आरक्षण बिल को मंजूर नहीं होने दिया राठौर ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है और यह बिल भी उचित रूप से आने वाले सालों में मंजूर होगा और महिलाओं को उनका अधिकार सम्मान मिलेगा ।

## आवारा कुत्तों ने हमला करके 10 साल के मासूम को मार डाला, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बूंदी जिले के तालेड़ा इलाके के अलकोडिया गांव में आवारा कुत्तों ने 10 साल के मासूम पर जबरदस्त हमला बोला कुत्तों ने मासूम को जगह-जगह से काट डाला जिसकी वजह से मासूम बालक की बॉडी पर कई जगह गहरे घाव के निशान पड़ गए हालांकि परिजनों ने कुत्तों से बचकर मासूम को अस्पताल में भी पहुंचाया लेकिन मासूम ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे मृतक मासूम के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है और ग्रामीणों के चेहरों पर भी उदासी छा गई है ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों को लेकर गहरी नाराजगी जताई है और पुलिस तथा प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की पुरजोर मांग की है । आवारा कुत्तों के बच्चों और बड़ों को काटने के मामले राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में आए दिन कई जगहों पर देखने को मिल रहे हैं इसीलिए आवारा कुत्तों और पालतू कुत्तों को लेकर न्यायालय ने भी इस तरह के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं । इसके अलावा न्यायालय ने राज्य सरकार, नगर निकायों इत्यादि सभी को कई बार इस तरह के मामलों को लेकर कड़ी फटकार भी लगाई है और कड़े दिशा निर्देश भी जारी किए हैं कई जगहों पर सरकारों ने कार्रवाई भी की है लेकिन वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने कुत्तों के खिलाफ कड़ा रवैया अपनाने को लेकर नाराजगी भी जाएगी लेकिन बावजूद इसके हालात अभी भी नहीं सुधरे हैं कि बार-बार जिस तरह से कुत्तों के हमले से छोटे-छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्ग घायल हो रहे हैं तो निश्चित रूप से इस तरह के कुत्तों के हमले को रोकना भी बहुत जरूरी हो जाता है।

## स्कूटी के टक्कर मार कार स्कूटी सहित पुलिया के नीचे गिर गई, तीन लोगों की मौत दो जने घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उदयपुर के प्रताप नगर में रविवार की आधी रात मुंडदी पुलिया पर बेकाबू कार ने स्कूटी के टक्कर मारी और फिर क्षतिग्रस्त स्कूटी को घसीटते हुए स्कूटी के साथ पुलिया के नीचे गिर गई । इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है और दो लोग घायल हुए हैं मृतकों में कार में सवार लोग भी शामिल हैं सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिया के नीचे गिरी हुई क्षतिग्रस्त स्कूटी और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में किया तथा क्षतिग्रस्त गाड़ियों में फंसे मृतकों की बॉडी को बाहर निकाला तथा घायलों को अस्पताल में पहुंचाया, पुलिस के अनुसार इस भीषण सड़क हादसे में मृतकों की पहचान कार सवार सौरभ निवासी भोपाल मध्य प्रदेश और अर्जुन निवासी देवास मध्य प्रदेश के रूप में हुई है तथा एक अन्य मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। इस हादसे में उदयपुर में मोजड़ी निवासी योगेश और एक अन्य युवक घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात सामने से तेज गति से आ रही कार ने मोजड़ी पुलिया पर पहले स्कूटी के जोरदार टक्कर मारी जिसकी वजह से स्कूटी बुरी तरह से घायल हो गई और फिर क्षतिग्रस्त स्कूटी को घसीटते हुए कार स्कूटी के साथ पुलिया के नीचे गिर गई जिसकी वजह से कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार तीन लोगों की डेथ हो गई । प्रथम दृश्य इस भीषण सड़क दुर्घटना में कार के चालक की ही गलती सामने आ रही है क्योंकि उसने रॉन्ग साइड में आकर स्कूटी के टक्कर मारी पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक सबूत एकत्रित करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## सब सिटी सेंटर में पेट्रोल उड़ेलकर पटाखे की दुकान के आग लगाई, आग लगा रहा युवक कैमरे में कैद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की लेक सिटी उदयपुर के सबसेंटर में रविवार की रात एक युवक ने पहले पटाखे की दुकान की शटर के पास पेट्रोल छिड़का और फिर दुकान को आग लगा दी। दुकान में भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए थे इसलिए जल्दी ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया इसके बाद आसपास के लोगों ने दुकान के मालिक और पुलिस को सूचित किया । सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर दमकल की गाड़ियों को भी बुलाया गया तथा कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी पर काबू पाया गया । बड़ी बात यह है कि मौके पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित था इसलिए जो युवक दुकान के शटर के पास पेट्रोल छिड़क रहा था उस युवक का चित्र मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया इसलिए इस मामले में युवक की पहचान कर ली गई है और दुकान के मालिक ने इस प्रकरण में आरोपी युवक के खिलाफ मामला भी दर्ज करवा दिया है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करती है बताया जा रहा दर्ज करवा दिया है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है बताया जा रहा है कि पड़ोस में ही शराब की दुकान है तथा आरोपी युवक और दुकान मालिक के बीच शराब की दुकान और अन्य मामले को लेकर आपस में मनमुटाव चल रहा था इसी वजह से युवक ने पटाखे की दुकान को आग के हवाले किया ।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द मामला : सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पानी के गिलास से दो-तीन जहर की बूंद अलग नहीं की जा सकती

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर चयनित किए गए इंस्पेक्टर्स की ओर से प्रस्तुत की गई एसएलपी को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि पानी से भरे एक गिलास में जहर की दो-तीन बूंद को अलग नहीं किया जा सकता पूरे पानी को फेंकना पड़ता है इसलिए हाई कोर्ट की ओर से सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है । सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से चयनित इंस्पेक्टर्स को काफी झटका लगा है चयनित इंस्पेक्टर को सुप्रीम कोर्ट से काफी उम्मीद थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर सहमति जताते हुए कहा कि पूरी परीक्षा को रद्द करना जरूरी था उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने का फैसला सुनाया था जिसके बाद इस परीक्षा में चयनित हुए इंस्पेक्टर्स ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और वहां अपनी ओर से एसएलपी प्रस्तुत की लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाई कोर्ट के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि जिस तरह से पानी से भरे पूरे गिलास में जहर की दो-तीन बूंद को अलग नहीं किया जा सकता और गिलास के पूरे पानी को फेंकना पड़ता है वैसे ही सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करना जरूरी था।

## सीकर-कोटा -उदयपुर -बाड़मेर- दोसा -डूंगरपुर- बारा, कोटा इत्यादि जिलों में कलेक्ट्रेट और कोर्ट कार्यालय को बम से उडाने की धमकी, सभी धमकियां फर्जी पाई गई

।जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर से कई जिलों में कलेक्ट्रेट और कोर्ट कार्यालय को बम से उडाने की धमकी ईमेल के माध्यम से संबंधित कार्यालय में दी गई सोमवार को सीकर,दोसा, कोटा, बाड़मेर, उदयपुर, डूंगरपुर, बाड़मेर, बारा इत्यादि जिलों में कलेक्ट्रेट और कोर्ट कार्यालय में ईमेल के माध्यम से अज्ञात बदमाशों ने बम होने की सूचना दी कई जगहों पर 10 बम रखने की बात कही गई तो कई लोगों पर 16 बम रखने की बात कही गई इस तरह की सूचना मिलने के बाद सभी जिलों में जिला प्रशासन और न्यायालय प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची इन सभी जगह पर पुलिस ने बम निरोधक दस्ते डॉग स्क्वाड दमकल की गाड़ियां इत्यादि मौके पर बुलाए गए और काफी देर तक इन सभी जिलों में पुलिस ने तलाशी अभियान को अंजाम दिया लेकिन इन सभी जिलों मे बम होने की सूचना पूरी तरह से फर्जी पाई गई हालांकि काफी देर तक इन सभी जगह पर सर्च अभियान संपादित रहने से राज के कार्य पूरी तरह से बाधित रहे और इन सभी जिलों में पुलिस ने सर्च अभियान को अंजाम देने के लिए कार्यालय को पूरी तरह से खाली करवा लिया था इसलिए जो लोग अपने राजकीय कार्य से यहां आए थे उन्हें काफी हताश हुई क्योंकि जिलाधीश कार्यालय और कोर्ट कार्यालय में बहुत जरूरी कार्य होने की वजह से ही लोग आते हैं लेकिन यहां आने के बाद जब उन्हें इस तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ता है तो फिर उन्हें काफी हताश भी होती है क्योंकि इस तरह से उनके पैसे और समय की बर्बादी होती है लेकिन इसमें पुलिस की भी कोई गलती नहीं कहीं जा सकती क्योंकि सर्च अभियान को अंजाम देने के लिए संबंधित कार्यालय को पूरी तरह से खाली करवाना ही पड़ता है अगर पुलिस इन कार्यालय से लोगों को बाहर नहीं निकले और किसी जगह पर बदकिस्मती से अगर बम होने की सूचना सही निकल जाए तो फिर जनहानि होने का भी अंदेशा रहता है इसलिए पुलिस जैसे ही सूचना मिलती है मौके पर पहुंचती है और तुरंत लोगों को कार्यालय से बाहर निकलने का निर्देश भी देती है कुल मिलाकर पिछले कई महीनो से राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में जिलाधीश कार्यालय कोर्ट कार्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों में बम होने की फर्जी सूचनाओं लगातार ईमेल के माध्यम से अज्ञात बदमाशों की ओर से दी जा रही है लेकिन इन सभी मामलों में एक भी मामले की जांच अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची है जिसकी वजह से ईमेल करने वाले बदमाश की पहचान नहीं हो पा रही है पिछले दिनों पत्रकारों से बातचीत के दौरान कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा था कि पुलिस अपने स्तर पर इन सभी मामलों की प्रभावी तरीके से जांच पड़ताल करती है लेकिन उन्हें जानकारी मिली है कि इस तरह की ईमेल देश से बाहर से आ रही है इसलिए पुलिस की जांच ठीक तरह से अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंच पा रही है लेकिन बात कुछ भी हो अगर इसी तरह से पुलिस की जांच आगे भी अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंच पाएगी और फर्जी ईमेल करने वाले अपराधियों को चिन्हित करके नहीं पकड़ा जाएगा तब तक इस तरह की सूचनाओं का सामना पुलिस जिला प्रशासन को भी करना पड़ेगा और इस तरह की गलत सूचनाओं से आमजन को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा इस तरह की सूचनाओं से आमजन का कार्य भी बाधित होता है और पुलिस का कीमती समय भी बर्बाद होता है कुल मिलाकर सोमवार को भी प्रदेश के कई जिलों में जिलाधीश कार्यालय और कोर्ट कार्यालय में बम होने की ईमेल के माध्यम से दी गई लेकिन सभी जगह पर पुलिस की जांच पड़ताल में और तलाशी में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इस तरह से सोमवार को भी सभी जिलों में जो ईमेल आया वह पूरी तरह से बकवास था ।

## चांदी 2000 और सोना 1000 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 251000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को सप्ताह की शुरुआत सोने और चांदी की कीमत में गिरावट से हुई है सोमवार को चांदी की कीमत में 2000 और सोने की कीमत में 1000 रुपए की गिरावट दर्ज की गई इस तरह से जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को चांदी 2 लाख 51000 हजार रुपए प्रति किलो में बेची गई इसके अलावा शुद्ध सोना 152500 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 142600 रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से निर्धारित था, जानकार लोगों का कहना है कि सप्ताह की शुरुआत के पहले दिन ही चांदी और सोने की कीमत में जो गिरावट देखने को मिली है उसके बाद अब ऐसा माना जा रहा है कि आगे कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का दौरा बना रहेगा और फिर अचानक से ऐसा भी दौर आएगा जब कुछ दिनों तक लगातार सोने और चांदी की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी होती रहेगी क्योंकि इस तरह का सिलसिला पिछले कई महीनो से लगातार देखने को मिल रहा है जिसमें कई बार सोने और चांदी की कीमत में कुछ दिनों तक लगातार वृद्धि होती रहती है तो फिर अचानक ही कुछ दिनों तक लगातार सोने और चांदी की कीमत में गिरावट भी होती रहती है इसलिए सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव का जो यह सिलसिला बना हुआ है उस वजह से लोगों में भी सोने और चांदी की कीमत को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है इस वजह से जो लोग पहले सोने और चांदी में इन्वेस्ट किया करते थे उनमें अधिकांश लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से अपने कदम पीछे हटा लिए हैं क्योंकि उन्हें यह डर लगा रहता है कि अगर उतार चढ़ाव के इस दौर में सोने और चांदी में इन्वेस्ट किया गया तो उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ सकता है इसलिए ऐसे लोग और सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह रियल एस्टेट और जमीन जायदाद के कारोबार में इन्वेस्ट करने में ज्यादा दिलचस्पी दिख रहे हैं इसीलिए जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का भी कहना है कि सोने और चांदी की कीमत में हो रहे इस उतार चढ़ाव से उनका कारोबार भी ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा साथ साथ चांदी की कीमत पहले की तुलना में काफी ज्यादा हो गई है इसलिए पहले लोग गिफ्ट के रूप में चांदी के सिक्के और चांदी की वस्तुएं अपने रिश्तेदारों परिजनों और दोस्तों को खुशी के मौके पर दिया करते थे लेकिन पिछले कई महीनो से चांदी की कीमत में जबरदस्त इजाफा होने से अब लोग चांदी के सिक्के और चांदी निर्मित वस्तुएं गिफ्ट में नहीं देते इसलिए चांदी की खरीदारी भी काफी प्रभावित हो रही है हालांकि जिनके घरों में शादियां होती हैं उन्हें मजबूरी में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने ही पड़ते हैं इनमें भी ऐसे लोगों में कई ऐसे होते हैं जिनके पास पुरानी चांदी होती है वह पुरानी चांदी को बेचकर उनसे मिलने वाले पैसों में शादी के लिए सोने और चांदी के आभूषण खरीद कर अपना काम चल रहे हैं कुल मिलाकर पिछले कई महीनो से सराफा बाजार से जुड़े लोग अपने धंधे को लेकर बिल्कुल भी खुश नजर नहीं आ रहे ।

## चचेरे भाई के सोते परिवार पर हमला, कुल्हाड़ी से एक जने को काट डाला, एक महिला और एक युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सीकर जिले के फतेहपुर इलाके में तिहावली गांव में रविवार की रात आपसी विवाद के चलते आरोपी व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई के परिवार के सदस्यों पर ही कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया जिसकी वजह से एक जने की मौके पर ही बहुत हो गई तथा एक महिला और एक अन्य युवक घायल हो गया जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार के सदस्यों का कहना है कि पुलिस को फोन करने के बावजूद भी पुलिस 2 घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची पुलिस फोन पर यही सवाल करती रही कि तिहावली गांव कहां है इत्यादि बातें करके समय को बर्बाद करती रही और मौके पर नहीं पहुंची बाद में पीड़ित परिवार के सदस्यों ने अपने रिश्तेदारों को फोन करके बुलाया और घायल लोगों को अस्पताल में एडमिट करवाया उधर इस मामले में आरोपी ओमपाल सिंह मौके से फरार हो गया है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है जानकारी के अनुसार आरोपी ओमपाल सिंह सरपंच प्रतिनिधि है और कहा जा रहा है कि मृतक प्रकाश सिंह ने ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत की थी जिसको लेकर प्रकाश सिंह और ओमपाल सिंह के बीच आपस में विवाद बना हुआ था हालांकि दोनों चचेरे भाई हैं दोनों में एक मकान की दीवार को लेकर भी आपस में विवाद बना हुआ था जानकारी के अनुसार तिहावली गांव निवासी प्रकाश सिंह शेखावत रविवार की रात अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहे थे तभी आरोपी ओमपाल सिंह कुल्हाड़ी लेकर आया और उसने प्रकाश सिंह और उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किया जिसमें प्रकाश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और प्रकाश सिंह के परिवार की एक महिला और एक अन्य युवक घायल हो गया जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई लेकिन पुलिस के समय पर नहीं पहुंचने का मामला स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय भी बना हुआ है अगर पुलिस सूचना मिलने के बाद 2 घंटे तक भी मौके पर नहीं पहुंचे तो फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा होना लाजमी है ।

## पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर कृष्ण अवतार को 25000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने सोमवार को अलवर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर कृष्ण अवतार को 25000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण अवतार के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान शुरू कर सकती है क्योंकि इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का मानना है कि जिस तरह से पेट्रोल पंप की एनओसी जारी करने के बदले पहले परिवादी से 100000 रुपए रिश्वत की डिमांड की और फिर बाद में 40000 रुपए में सौदा निर्धारित किया इन सबको देखते हुए ऐसा लगता है कि कृष्ण अवतार बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करता था और अपने पद का दुरुपयोग कर रहा था इसलिए भ्रष्टाचार निरोधक विरोध की टीम कृष्ण अवतार की स्थाई और अस्थाई संपत्तियों के बारे में भी जानकारी जुटा सकती है इसके लिए कृष्ण अवतार और उसके परिजनों के बैंक अकाउंट इत्यादि के बारे में भी जांच पड़ताल कर सकती है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार मालाखेड़ा में अपने एक पेट्रोल पंप के लिए एनओसी का सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण अवतार से मिला था इस कार्य के लिए कृष्ण अवतार ने परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी पहले एक लाख और फिर 40000 रुपए में यह सौदा निर्धारित हुआ इसके बाद परिवादी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के बड़े अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी कृष्ण अवतार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इस कार्य योजना के तहत परिवादी पहले तो रिश्वत के 25000 रुपए लेकर कृष्ण अवतार के सरकारी कार्यालय में पहुंचा गया लेकिन वहां पर कृष्ण अवतार ने कार्यालय में रिश्वत की रकम लेने से इनकार कर दिया और फिर उसे अपने घर बुलाया इसके बाद परिवादी रिश्वत के 25000 रुपए लेकर अलवर में अरावली विहार थाना इलाके में स्थित कृष्ण अवतार के घर पर पहुंचा जहां पर कृष्ण अवतार ने पहले करीब 30 मिनट तक परिवादी को अपने घर पर बिठा कर रखा और फिर बाद में जैसे ही उसने परिवादी से रिश्वत के 25000 रुपए लिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ कृष्ण अवतार को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया ।

## निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर में ठेकेदार की हत्या से सनसनी फैली, अज्ञात बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बानसूर में कालका माता मंदिर के पास उप जिला अस्पताल के निर्माणधीन ट्रॉमा सेंटर में ठेकेदार की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी । सोमवार की सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल से आवश्यक तथ्य तथा सबूत भी जुटाए हैं तथा मृतक ठेकेदार राम सिंह की बॉडी को कब्जे में किया मौके पर पुलिस ने ऑफिशियल की टीम की बॉडी को कब्जे में किया। मौके पर पुलिस ने एफएसएल की टीम और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ बुलाए हैं मृतक की बॉडी पर गहरी चोटकी निशान मिले हैं मृतक की बॉडी पर मिले गहरी चोट के निशान धारदार हथियार के बताए जा रहे हैं हत्या किसने और क्योंकि खबर लिखे जाने तक इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाई थी । पुलिस मृतक के मोबाइल फोन की भी जांच पड़ताल कर रही है इसके अलावा मृतक के परिजनों और मौके पर निर्माण कार्य में कार्य करने वाले मजदूरों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है पुलिस को संदेह है कि पुरानी रंजिश और आपसी विवाद हत्या का कारण हो सकता है पुलिस को कहना है कि अज्ञात हत्यारे को चिन्हित करने के प्रयास जारी हैं इसके लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरा की भी जांच पड़ताल करके बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है पुलिस को संदेह है कि मृतक निर्माण कार्य से जुड़ा हुआ था इसलिए हो सकता है पैसों को लेकर भी उसका किसी से विवाद चल रहा हो इसलिए पुलिस मौके पर कार्य कर रहे मजदूरों से भी पूछताछ कर रही है द्य मृतक राम सिंह के गले पर धारदार हथियार से गहरे घाव के निशान मिले हैं इसलिए माना जा रहा है कि अज्ञात बदमाश एक से ज्यादा हो सकते हैं और उन्होंने राम सिंह का गला काटने का प्रयास किया ।

## जयपुर में 9 मई को लोक अभियोजकों की राज्य स्तरीय कार्यशाला, नई आपराधिक व साइबर कानूनों पर होगा प्रशिक्षण

### विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने तैयारियों की समीक्षा की, अभियोजन तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** राज्य में न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 9 मई को जयपुर के बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में लोक अभियोजकों एवं विशेष लोक अभियोजकों की राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें नवीन आपराधिक कानूनों, साइबर अपराधों और विशेष कानूनों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला की तैयारियों को लेकर सोमवार को सचिवालय में विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन सुव्यवस्थित और प्रभावी हो, ताकि अभियोजन तंत्र को मजबूत किया जा सके। मंत्री पटेल ने कहा कि न्याय व्यवस्था में लोक अभियोजकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बदलते समय के साथ कानूनों की गहन समझ जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से अभियोजकों को आधुनिक कानूनों के अनुरूप प्रशिक्षित कर न्याय प्रक्रिया को और तेज एवं पारदर्शी बनाया जाएगा कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्गदर्शन देंगे। इसके अलावा महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सहित वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव (विधि) राजेंद्र काछवाल सहित अन्य अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की।

## सम्पादकीय

### जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल, लेकिन राहत के पीछे छिपी हैं नई मुश्किलें




पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है। इसके साथ ही घरेलू लेन-देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है। मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। हालांकि, अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर भी पड़ता है।

## 'मर चुकी हैं संवेदनाएँ! (काव्य)'

जानवरों का यह युग है रे
यहाँ हँसते-खेलते इंसान को
ज़िंदा और बड़ी बेरहमी से
मार देने में ये वक़्त नहीं लगाते

इनके भीतर की संवेदनाएँ
मर चुकी हैं या फिर कभी थी ही नहीं
सिर्फ़ मांस का एक लोथड़ा बचा है
जो नफ़रत की आग में जल रहा है

किन्तु याद रखना
वक़्त का पहिया थमता नहीं
इन असामाजिक तत्वों का
सुधार तो होकर रहेगा
चाहे कानून के डंडे से हो
या फिर कुदरत के न्याय से

इंसानियत अभी पूरी तरह हारी नहीं है
उजाला आएगा
और इन अंधेरों कोजड़ से मिटाएगा।



**युगपुरुष कविवर सूर्य**
**आध्यात्मिक दार्शनिक मानवतावादी**
**समाज सुधारक**
**(भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक समानता**
**के प्रखर संरक्षक**

## अनजान पथिक

जीवन के सफर में अकेले हो
हद निश्चली और अलवेल हो,
झंझावात से बिखरे सपने को
फिर से बुनने की चाहत पाले हो
आशावान, ऊर्जावान, मतवाले हो
चक्रवात मेली पटवार सम्झाले हो
द्वंस, प्रतिद्वंद्ध है मन में आलोकित
फिर ये पुपी क्यों पाले हो।
हे अनजान पथिक, तुम कौन हो,
हे अनजान पथिक, तुम कौन हो

**गुरु दयाल**

# दूरगामी नुकसान करा बैठे दक्षिणी राज्य

*इस मुद्दे की गहराई में जाएं तो संविधान का अनुच्छेद 81 कहता है कि लोकसभा में प्रत्येक राज्य को सीटों की आवंटन प्रक्रिया में सीटों की संख्या और राज्य की जनसंख्या का अनुपात सभी राज्यों के लिए हरसंभव रूप से व्यावहारिक एवं एकसमान हो। इसी क्रम में अनुच्छेद 82 के अनुसार प्रत्येक जनगणना के बाद राज्यों को लोकसभा सीटों का आवंटन और प्रत्येक राज्य का प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन 'ऐसी प्राधिकारी संस्था द्वारा और ऐसे तरीके से पुनर्गठित किया जाएगा जैसा कि संसद कानून द्वारा निर्धारित करे।' इस दृष्टि से सरकार और संसद के पास ही यह गुंजाइश है कि वे परिसीमन आयोग की 'व्यावहारिकता' पर विचार करने और केवल जनसंख्या के आंकड़ों पर ही कड़ाई से चलने के बजाय '50 प्रतिशत' से अधिक वाली संकल्पना को आगे बढ़ाने का निर्देश दे सकें। सरकार द्वारा लोकसभा सीटों में 'एकमुश्त 50 प्रतिशत' की वृद्धि संबंधी आश्वासनों की गंभीरता का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए था। वर्ष 1971 में परिसीमन न होने के बाद से ही लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग जोर पकड़ती रही। वर्ष 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान भाजपा नेता मदनलाल खुराना ने भी मुखरता से ऐसी मांग सामने रखते हुए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 800 से अधिक करने की बात कही थी। हालांकि चंद्रबाबू नायडू, रामकृष्ण हेगड़े और करुणानिधि जैसे दक्षिण भारतीय नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को लेकर आपत्ति जताई। उनका मानना था कि दक्षिणी राज्यों ने केंद्र सरकार की परिवार नियोजन नीतियों को कहीं बेहतर तरीके से लागू किया था,*



बीते दिनों कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल संसदीय परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधन की राह में अवरोध पैदा करने में सफल रहे। इस कवायद में कांग्रेस को दक्षिण भारतीय नेताओं का व्यापक रूप से सहयोग मिला। इस घटनाक्रम की गहन पड़ताल करें तो नेताओं का यह रुख दक्षिणी राज्यों के लिए ही भारी भूल साबित हो सकता है। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस, द्रमुक और माकपा जैसे दल इस मुद्दे की गहराई और गंभीरता को समझने में विफल रहे और उन्होंने एक बेहतर अवसर गंवा दिया। प्रस्ताव के सकारात्मक पहलुओं से अधिक मोदी सरकार के प्रति नफरत और नकारात्मकता ही उनके इस निर्णय का मुख्य आधार रही।

इस मुद्दे की गहराई में जाएं तो संविधान का अनुच्छेद 81 कहता है कि लोकसभा में प्रत्येक राज्य को सीटों की आवंटन प्रक्रिया में सीटों की संख्या और राज्य की जनसंख्या का अनुपात सभी राज्यों के लिए हरसंभव रूप से व्यावहारिक एवं एकसमान हो। इसी क्रम में अनुच्छेद 82 के अनुसार प्रत्येक जनगणना के बाद राज्यों को लोकसभा सीटों का आवंटन और प्रत्येक राज्य का प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन 'ऐसी प्राधिकारी संस्था द्वारा और ऐसे तरीके से पुनर्गठित किया जाएगा जैसा कि संसद कानून द्वारा निर्धारित करे।' इस दृष्टि से सरकार और संसद के पास ही यह गुंजाइश है कि वे परिसीमन आयोग की 'व्यावहारिकता' पर विचार करने और केवल जनसंख्या के आंकड़ों पर ही कड़ाई से चलने के बजाय '50 प्रतिशत' से अधिक वाली संकल्पना को आगे बढ़ाने का निर्देश दे सकें। सरकार द्वारा लोकसभा सीटों में 'एकमुश्त 50 प्रतिशत' की वृद्धि संबंधी आश्वासनों की गंभीरता का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए था। वर्ष 1971 में परिसीमन न होने के बाद से ही लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग जोर पकड़ती रही। वर्ष 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान भाजपा नेता मदनलाल खुराना ने भी मुखरता से ऐसी मांग सामने रखते हुए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 800 से अधिक करने की बात कही थी। हालांकि चंद्रबाबू नायडू, रामकृष्ण हेगड़े और करुणानिधि जैसे दक्षिण भारतीय नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को लेकर आपत्ति जताई। उनका मानना था कि दक्षिणी राज्यों ने केंद्र सरकार की परिवार नियोजन नीतियों को कहीं बेहतर तरीके से लागू किया था, ऐसे में जनसंख्या के आधार पर होने वाला परिसीमन उन्हें नुकसान पहुंचाता। इसके चलते ही नायडू ने एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री वाजपेयी के पास भेजा और परिसीमन को रोकने की मांग की। वाजपेयी ने इस मांग को स्वीकार किया और अनुच्छेद 81 में संशोधन का निर्णय लिया। इससे लोकसभा की मौजूदा सीटों को 2026 की जनगणना तक स्थिर रखा गया।

इस संदर्भ में दक्षिणी राज्यों की संवेदनाओं को समझते हुए मोदी सरकार ने अनुच्छेद 81 के प्रविधानों को दरकिनार कर परिसीमन संबंधी संवैधानिक संशोधन में एक प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जानी थी। यदि इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता तो दक्षिणी राज्यों के लिए लाभ की स्थिति बन सकती थी, लेकिन वहां के अधिकांश राजनीतिक दलों ने इसका अंधविरोध किया। तेलुगु देसम, जन सेना और वाइएसआर कांग्रेस जैसे दलों के समर्थन के बावजूद संविधान संशोधन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। दिलचस्प बात यही है कि यदि यह प्रस्ताव अमल में आता तो शायद उत्तरी राज्यों को जनसंख्या वृद्धि के बाद भी उसका अपेक्षित अनुपातिक लाभ नहीं मिलता। इसके बावजूद उनकी ओर से शिकायत सामने नहीं आई। चूंकि दक्षिणी राज्य इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए शायद उन्हें यह महसूस हो रहा हो कि इसमें उनका कुछ फायदा ही हो। यदि जनसांख्यिकी परिदृश्य की बात करें तो विशेषज्ञों का मानना है कि जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए देश की कुल प्रजनन दर यानी टीएफआर 2.1 होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि एक औसत महिला को अपने जीवनकाल में 2.1 बच्चों को जन्म देना चाहिए। यदि टीएफआर 2.1 से नीचे आए तो जनसंख्या घटने लगती है। भारत में 1970 के दौर से ही उत्तर और मध्य भारत के राज्यों की तुलना में दक्षिणी राज्यों की टीएफआर में स्पष्ट रूप से गिरावट दर्ज हुई थी। वर्ष 2001 के आंकड़े देखें तो भारत की टीएफआर काफी अधिक (3.2) थी, जो 2011 में गिरकर 2.4 रह गई। अब इसके घटकर 2 होने का अनुमान है, जो जनसंख्या स्थिरता की कसौटी के पैमाने से भी कम है। यह निश्चित ही एक उल्लेखनीय सुधार है, क्योंकि ढाई दशक पहले जनसांख्यिकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता ऊंची टीएफआर को लेकर अत्यंत चिंतित थे।

हालांकि इस उपलब्धि के बाद भी कुछ रुझान असंतुलन की ओर संकेत करते हैं। जैसे पिछले दो दशकों में दक्षिण भारतीय राज्यों की टीएफआर में भारी गिरावट आई है

# नागरिकों की समस्या बढ़ाते जटिल नियम

*मृत जमाकर्ता के खाते से पैसा किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। धोखाधड़ी रोकना, वास्तविक उत्तराधिकारी की पहचान बैंक को भविष्य के विवादों से बचाना आवश्यक है, लेकिन नियम का उद्देश्य न्याय होना चाहिए, नागरिक को अपमानित करना नहीं। नियम सुरक्षा दें, भय नहीं। प्रक्रिया मार्गदर्शन दे, भ्रम नहीं। आरबीआइ ने भी मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया है, लेकिन समस्या यह है कि नियमों की संवेदनशील व्याख्या शाखा स्तर तक नहीं पहुंचती। शहरों में बैंक कर्मचारी ग्राहक को फार्म, ईमेल, हेल्पलाइन और कस्टमर केयर से जोड़ देते हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में बैंक शाखा ही नागरिक के लिए पूरा सिस्टम है। वहां शाखा प्रबंधक, बैंक मित्र, पंचायत सचिव, पटवारी, तहसीलदार और पुलिस, सभी मिलकर नागरिक के लिए 'राज्य' का चेहरा बन जाते हैं।*

ओडिशा के क्योंझर जिले की घटना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि यह भारतीय प्रशासनिक और बैंकिंग व्यवस्था का एक कुरूप चेहरा भी है। एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन के बैंक खाते से लगभग 19,300 रुपये निकालने के लिए इतना विवश हुआ कि वह उसका कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। बैंक की ओर से कहा गया कि मृत्यु प्रमाणपत्र और कानूनी उत्तराधिकारी से जुड़े दस्तावेज आवश्यक थे, जबकि परिजन का आरोप था कि उसे बार-बार लौटाया गया।

हालांकि डिजिटल मीडिया पर आलोचना के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से उन्हें उनकी राशि दे दी गई, पर बात यहीं नहीं खत्म होती। यह घटना इसलिए अधिक पीड़ादायक है, क्योंकि भारत ने पिछले एक दशक में वित्तीय समावेशन की बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं, ग्रामीण परिवारों और कमजोर वर्गों की है। इसका अर्थ है कि बैंकिंग अब केवल शहरों, वेतनभोगी वर्ग और शिक्षित लोगों की सुविधा नहीं रही, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, महिला और असंगठित क्षेत्र के नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ गई है, लेकिन यही उपलब्धि अब हमें एक नए प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि खाता खोलना तो आसान हो गया, पर खाते का अधिकार पाना क्या सचमुच आसान हुआ? ओडिशा की घटना बताती है कि वित्तीय समावेशन का अगला चरण केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि बैंकिंग न्याय होना चाहिए। हालांकि बैंकिंग नियमों का अपना महत्व है। मृत जमाकर्ता के खाते से पैसा किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। धोखाधड़ी रोकना, वास्तविक उत्तराधिकारी की पहचान बैंक को भविष्य के विवादों से बचाना आवश्यक है, लेकिन नियम का उद्देश्य न्याय होना चाहिए, नागरिक को अपमानित करना नहीं। नियम सुरक्षा दें, भय नहीं। प्रक्रिया मार्गदर्शन दे, भ्रम नहीं। आरबीआइ ने भी



मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया है, लेकिन समस्या यह है कि नियमों की संवेदनशील व्याख्या शाखा स्तर तक नहीं पहुंचती। शहरों में बैंक कर्मचारी ग्राहक को फार्म, ईमेल, हेल्पलाइन और कस्टमर केयर से जोड़ देते हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में बैंक शाखा ही नागरिक के लिए पूरा सिस्टम है। वहां शाखा प्रबंधक, बैंक मित्र, पंचायत सचिव, पटवारी, तहसीलदार और पुलिस, सभी मिलकर नागरिक के लिए 'राज्य' का चेहरा बन जाते हैं। यदि इस चेहरे पर संवेदना नहीं है, तो नागरिक के लिए लोकतंत्र कागजों का ढेर बन जाता है।

आज भारत डिजिटल भुगतान, यूपीआइ, आधार और जन-धन के माध्यम से वित्तीय समावेशन की दुनिया में उदाहरण बन चुका है, लेकिन सूचकांक और योजनाएं अपने-आप गरीब नागरिक की समस्या हल नहीं करतीं। असली परीक्षा तब होती है जब कोई अशिक्षित, आदिवासी, विधवा, बुजुर्ग या अकेला व्यक्ति बैंक के काउंटर पर खड़ा होता है और पूछता है कि अब मुझे क्या करना है? सिस्टम को बदलने की शुरुआत यहीं से होनी चाहिए। सबसे पहले, मृत खाताधारक के छोटे दावों के लिए एक सरल दावा प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए। यदि खाते में राशि एक लाख रुपये से कम हो, तो ग्राम पंचायत, स्थानीय राजस्व अधिकारी, आधार आधारित पहचान, परिवार रजिस्टर, मृत्यु की स्थानीय पुष्टि और दो गवाहों के आधार पर प्राथमिक दावा स्वीकार किया जाना चाहिए। बड़ी राशि के मामलों में ही विस्तृत जांच आवश्यक होनी चाहिए। हर बैंक शाखा में मृत दावा सहायता डेस्क या कम-से-कम एक प्रशिक्षित अधिकारी हो, जो परिजन को चरणबद्ध तरीके से बताए कि कौन-सा फार्म भरना है, मृत्यु प्रमाणपत्र कहां से बनेगा, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र की जरूरत कब है, नामिनी न होने की स्थिति में क्या करना है

# आग का सिलसिला

गर्मियां बढ़ते ही घरों, कारखानों और अन्य स्थलों में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला तेज होना इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि अभी तो तापमान और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आग लगने की ज्यादातर घटनाएं एसी में ब्लास्ट अथवा शार्ट सर्किट होने की वजह से हो रही हैं। गत दिवस दिल्ली के विवेक विहार में एक चार मंजिला इमारत के फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने से इतनी भयंकर आग लगी कि अन्य फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गए और नौ लोगों की जान चली गई। इसके एक दिन पूर्व दिल्ली के ही जौहरीपुर में एसी में ब्लास्ट होने से एक बच्चे की जान चली गई थी। इसके और पहले दिल्ली के ही निकट इंदिरापुरम में



एक बहुमंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग भड़की। इस आग में लोगों की जान तो नहीं गई, लेकिन कई फ्लैट पूरी तरह से खाक हो गए। इस घटना में यह भी सामने आया कि गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग ऐसे पर्याप्त उपकरणों से लैस नहीं था कि वह आग पर शीघ्र काबू पा पाता। ये घटनाएं तो केवल दिल्ली और उसके आसपास की हैं। ऐसी घटनाएं अन्य शहरों में भी सामने आ रही हैं और ज्यादातर के पीछे एसी अथवा किसी अन्य बिजली उपकरण में खामी-खराबी को रेखांकित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अपने यहां बिजली उपकरणों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी हो रही है। ऐसा लगता है कि एसी के मामले में यह कुछ ज्यादा ही हो रहा है। जो भी हो, उन नियम-कानूनों को सही तरह से अमल में लाने की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली उपकरणों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के हिसाब से हो। अपने देश में बिजली समेत हर तरह के उपकरणों की गुणवत्ता के मानक तो बने हुए हैं, लेकिन आम तौर पर यह देखने में आता है कि ऐसे उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां उनकी अनदेखी ही करती हैं। दोयम दर्जे के उत्पादों का निर्माण उपभोक्ताओं के साथ किया जाने वाला छल ही है। कई बार तो यह छल जानलेवा साबित होता है। गुणवत्ताहीन उत्पादों का निर्माण कोई नई समस्या नहीं है। चूंकि इस समस्या का समाधान नहीं किया जा पा रहा है, इसलिए दोयम दर्जे के उत्पादों का बनना और बिकना जारी है।

## तीन राज्यों में जीत पर बाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर नगर मंडल कार्यालय बाड़ी में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरवन कुमार वर्मा और जिला महामंत्री अनिल गोयल अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी जताई। इस दौरान वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका को जीत का आधार बताया। इस मौके पर दिनेश मामा, नरेश यादव, धनंजय शर्मा, रामकुमार कुशवाहा, सतीश प्रजापति, सुनील बंसल, श्रीनिवास मित्तल, प्रदीप भारद्वाज, मनोज कोहली, महेश कुशवाहा, सतीश चंद्र मंगल, नाजिया खान, अनीता सिंगल, आदित्य मित्तल, दीपक गोयल, मोहन मंगल, बीएल प्रजापति, दीनदयाल कोली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बसई नवाब में भाजपा मंडल बैठक, योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के बसई नवाब मंडल में मंडल प्रवास कार्यक्रम के तहत एक निजी मैरिज गार्डन में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी एवं पंचायत समिति सैपऊ के प्रधान दुष्यंत सिंह बघेल रहे, जबकि अध्यक्षता मंडल संयोजक केजी तिवारी ने की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। मुख्य अतिथि दुष्यंत सिंह बघेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही संगठन की असली ताकत है और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इस दौरान सुंदर सिंह त्यागी, रामू सिकरवार और अन्य वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारी करने पर जोर दिया। बैठक में दिवाकर प्रजापति, बादल कुशवाहा, योगेश त्यागी, भागीरथ शर्मा, सियाराम, दीनदयाल शर्मा, विनोद सिकरवार, पवन, रामगोपाल सिकरवार, मायाराम, अजय त्यागी, पतरे जाटव, भारत सिंह त्यागी, भगवती प्रसाद कुशवाहा, सुभाष त्यागी, गजेंद्र सिंह जादौन, उदय सिंह, लक्ष्मीधर, राजेश, हेत सिंह लोधा, गोरेलाल लोधा, टीकम सिंह लोधा, भगवान सिंह जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारिश के साथ तेज़ अंधड़ चलने से सोलर प्लेटें क्षतिग्रस्त

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील के ग्राम बड़ोदिया में रविवार देर रात को बारिश के साथ तेज अंधड़ चलने से सीताराम माली पुत्र सूजीलाल माली की सोलर प्लेटें क्षतिग्रस्त हो गई है ऐसे में किसान को काफी नुकसान हुआ है। सीताराम माली ने बताया कि रविवार को तेज हवा चलने के साथ ओलावृष्टि से मेरी 5 सोलर की प्लेटों में क्रैक हो गई। जिससे के करण मुझे बहुत नुक्सान हुआ है।

## भारत गैस एजेंसी पर कालाबाजारी के आरोप, सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बसेड़ी में भारत गैस एजेंसी के खिलाफ उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर डिलीवरी मैसेज तो आ जाता है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिया जा रहा। आरोप है कि एजेंसी कर्मी उपभोक्ताओं को गुमराह कर डिलीवरी का ओटीपी ले लेते हैं और बाद में वही सिलेंडर 1500 से 2000 रुपये तक ब्लैक में बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं, एजेंसी पर केवल एक रसीद खिड़की होने के कारण उपभोक्ताओं को 3 से 5 घंटे तक लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। होम डिलीवरी व्यवस्था भी पूरी तरह ठप बताई जा रही है। उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि चूल्हा, सिलेंडर और पाइप के निरीक्षण के नाम पर 300 से 500 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि घर-घर जाकर कोई निरीक्षण नहीं किया गया। वहीं कन्हैया भारत गैस एजेंसी के मैनेजर नीरज श्रीवास्तव ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि उपभोक्ताओं ने रसीद कटवाने के बाद समय पर सिलेंडर नहीं लिया और दो दिन बाद लेने पहुंचे। वही होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि एजेंसी पर भीड़ ज्यादा रहती है और आए दिन उपद्रव की स्थिति बनती है।

# जोधपुर में पंचगव्य चिकित्सा का पहला पाठ्यक्रम शुरू, परंपरा और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

### पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने किया शुभारंभ, आयुर्वेद व गौ-आधारित स्वरोजगार पर फोकस

जयपुर टाइम्स



**जोधपुर(निस)।** जिले के मोकलावास स्थित गौ संवर्द्धन आश्रम में सोमवार को देश के पहले पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने विधिवत उद्घाटन करते हुए इसे भारतीय परंपरा, आयुर्वेद और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। मंत्री कुमावत ने कहा कि पंचगव्य चिकित्सा भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद का महत्वपूर्ण अंग है, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा और स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा। यह पाठ्यक्रम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय और लक्ष्य पर्यावरण एवं जन कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत पंचगव्य के सिद्धांत, औषधि निर्माण, विभिन्न रोगों के उपचार, पंचकर्म पद्धति, मानव स्वास्थ्य, जीवनशैली के साथ-साथ गौ-स्वास्थ्य, गौशाला प्रबंधन और गो-उत्पाद आधारित स्वरोजगार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि यह पहल न केवल पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को मजबूती देगी, बल्कि शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव राकेश निहाल ने मंत्री को गौ संवर्द्धन आश्रम का भ्रमण कराते हुए विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। मंत्री ने तीन पीढ़ियों वाली गायों और नंदी को देखकर संतोष जताया तथा गौवंश को ग्वार लापसी खिलाई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद पुष्प जैन, घनश्याम ओझा, महावीर चोपड़ा, राजेंद्र पालीवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य गोविंद शुक्ला की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। अंत में आश्रम अध्यक्ष नंदलाल भाटी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## उदयपुर संभाग में जल परियोजनाओं को रफ्तार, तीन बजट में 900 करोड़ स्वीकृत



### जाखम-जयसमंद-बड़गांव-मातृकुण्डिया परियोजना की डीपीआर तैयार, केंद्रीय जल आयोग को भेजी

जयपुर टाइम्स

**उदयपुर(निस)।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि राज्य सरकार उदयपुर संभाग में जल परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। पिछले तीन बजट में क्षेत्र के लिए 900 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिन पर कार्य प्रगति पर है। मंत्री रावत सोमवार को उदयपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि हर व्यक्ति को पेयजल और हर खेत को सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के बजट में उदयपुर संभाग की जल परियोजनाओं के लिए 275 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उदयपुर की बहुप्रतीक्षित देवास तृतीय एवं चतुर्थ चरण परियोजना पर कार्य जारी है, जिसे दिसंबर 2027 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से बागोलिया फीडर का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिससे मावली क्षेत्र में पेयजल के साथ लगभग 3700 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। वहीं राजसमंद जिले में 131 करोड़ रुपए की लागत से खारी फीडर परियोजना भी प्रगति पर है। मंत्री रावत ने बताया कि दक्षिण राजस्थान की महत्वाकांक्षी जाखम-जयसमंद-बड़गांव-मातृकुण्डिया जल परियोजना की डीपीआर तैयार कर केंद्रीय जल आयोग को भेज दी गई है। लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। इसके पूरा होने पर दक्षिण राजस्थान में पेयजल और सिंचाई की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। उन्होंने बताया कि रामजल सेतु परियोजना का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसके पूर्ण होने पर प्रदेश के कई जिलों में पेयजल और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी गजपाल सिंह, पुष्कर डांगी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सुमेरपुर में 'डिजिटल जनगणना' का बिगुलः पालिका ने घर-घर जगाई अलख, अब हर नागरिक बनेगा भागीदार



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जनगणना 2027 को लेकर सुमेरपुर में इस बार सिर्फ औपचारिक तैयारी नहीं, बल्कि एक व्यापक जनभागीदारी अभियान का माहौल नजर आ रहा है। नगर पालिका ने इसे महज सरकारी प्रक्रिया तक सीमित न रखकर 'जन-जन की भागीदारी' का रूप देने के लिए हर स्तर पर सघन प्रयास शुरू कर दिए हैं। 16 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य से पहले प्रशासन ने शहर में जागरूकता की ऐसी लहर चलाई है, जो अब हर गली-मोहल्ले तक पहुंच रही है। नगर पालिका सभागार में सोमवार को जनगणना सुपरवाइजर्स और प्रगणकों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू हुआ, जहां फील्ड ट्रेनर्स ने न सिर्फ तकनीकी जानकारी दी, बल्कि फील्ड में आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीके भी समझाए 'स्व-गणना' (Self Enumeration) है, जिसे लेकर प्रशासन विशेष जोर दे रहा है। 1 मई से 15 मई तक नागरिक खुद मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि पारदर्शिता और सटीकता भी बढ़ेगी। शहर में जनजागरूकता को लेकर पालिका ने अनोखा तरीका अपनाया है। प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स के साथ-साथ कचरा संग्रहण वाहनों से जिंगल के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं वार्ड स्तर पर कर्मचारी सीधे लोगों से संपर्क कर उन्हें स्व-गणना के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पालिका प्रशासन ने साफ किया है कि इस बार जनगणना को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। सभी सरकारी कर्मचारियों को स्व-गणना अनिवार्य कर दी गई है और जरूरतमंदों को प्रशिक्षण देकर प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

## साण्डेराव की सुरक्षा 'अंधेरे' में, 28 कैमरे बंद

### बढ़ती वारदातों से दहशत; भामाशाहों की मेहनत बेकार, जिम्मेदारों पर उठे तीखे सवाल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** साण्डेराव कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह 'भगवान भरोसे' नजर आ रही है। लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए CCTV कैमरे पिछले दो साल से बंद पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन अब तक गहरी नींद में है। 17 लाख रुपए की लागत से लगाए गए 28 कैमरों का सिस्टम पूरी तरह ठप होने से कस्बे की 'तीसरी आंख' बंद हो चुकी है। वर्ष 2019 में भामाशाहों, व्यापारियों और निंबेश्वर ट्रस्ट के सहयोग से लगाए गए ये हाई क्वालिटी कैमरे कभी पुलिस के लिए बड़ी ताकत साबित हुए थे। कई वारदातों के खुलासे भी इन्हीं कैमरों के जरिए हुए, लेकिन 2022 के बाद तकनीकी खराबी के नाम पर पूरा सिस्टम बंद कर दिया गया और तब से आज तक मरम्मत की सुध तक नहीं ली गई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब करोड़ों की योजनाओं पर काम करने वाला प्रशासन 17 लाख के इस सुरक्षा सिस्टम को दुरुस्त नहीं कर पा रहा, तो आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन उठाएगा? मुख्य बाजार और संवेदनशील स्थानों पर लगे कैमरों के बंद होने से चोरी और आपराधिक गतिविधियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भामाशाहों ने समाज की सुरक्षा के लिए आगे आकर लाखों रुपए खर्च किए, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही ने इस पूरी पहल को बेकार कर दिया। थानाधिकारी सामराजसिंह चारण का कहना है कि कैमरों को जल्द शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और भामाशाहों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं, जनप्रतिनिधियों का साफ कहना है कि दो साल से बंद कैमरे प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## गहलोत के जन्मदिन पर किशोरपुरा में रक्तदान शिविर, 135 यूनिट रक्त संग्रह

### युवा और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 75वें जन्मदिन के अवसर पर ग्राम किशोरपुरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 135 यूनिट रक्तदान किया। जगदम्बा टीवीएस मोटरसाइकिल एजेंसी परिसर में आयोजित इस शिविर की शुरुआत पूर्व बीडीओ सोनाराम और कामरेड नत्थूराम ने की। सुबह 8:15 बजे शुरू हुआ शिविर शाम 6:15 बजे तक लगातार चला। शिविर का आयोजन फुले अंबेडकर कल्याण समिति के संयोजक एडवोकेट के.के. सैनी के नेतृत्व में किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। शिविर की विशेष बात यह रही कि सरोज देवी और मान सिंह ने अपनी शादी की सालगिरह पर जोड़े के रूप में रक्तदान किया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस दौरान विधायक भगवाना राम सैनी, राजेंद्र अडवाना, मुकेश सैनी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्त संग्रहण का कार्य सत्यम ब्लड बैंक जयपुर की टीम ने किया। शिविर संयोजक एडवोकेट के.के. सैनी ने सभी सहयोगियों, संस्थाओं और रक्तदाताओं का आभार जताया।

## RGHS सेवाओं में बाधा के विरोध में आज काली पट्टी बांधेंगे कर्मचारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) के तहत मिल रही चिकित्सा सुविधाओं में आ रही समस्याओं के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने 5 मई को जिलेभर में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि RGHS के अंतर्गत कैशलेस इलाज, दवा वितरण और बिल क्लीयरेंस में लगातार देरी हो रही है, जिससे कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को परेशानी उठानी पड़ रही है। भुगतान लंबित होने के कारण कई अधिकृत अस्पतालों और दवा दुकानों ने सेवाएं बंद करनी शुरू कर दी हैं। महासंघ ने मांग की है कि रत्नस पोर्टल और बिल भुगतान प्रक्रिया को तुरंत सुचारू किया जाए, उपार्जित अवकाश के भुगतान 15 दिनों में सुनिश्चित किए जाएं, अधिकृत अस्पतालों व दवा दुकानों की संख्या बढ़ाई जाए और जिला स्तर पर प्रभावी शिकायत निवारण हेल्पडेस्क स्थापित किया जाए। उन्होंने बताया कि कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर कार्य करते हुए हाथ पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करेंगे, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित नहीं होगा। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## ग्रीष्मावकाश पर खड़की-सांगानेर (जयपुर) एकतरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जयपुर (निस)**रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु खड़की-सांगानेर (जयपुर) एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 01433, खड़की-सांगानेर (जयपुर) एकतरफा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 4.5.26 व 5.5.26 को (2 ट्रिप) खडकी से 9.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 7.45 बजे सांगानेर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लोनावला, कल्याण,वसई रोड,पालघर, वापी,वलसाड,सूरत,अंकलेश्वर,वडोदरा,रतलाम,भवानी मंडी,रामगंज मंडी,कोटा एवं सवाईमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 15 शयनयान, 3 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बें होगें।

## मौसम का यू-टर्न तेज हवाओं के साथ बारिश, ओले भी गिरे

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां क्षेत्र में सोमवार को मौसम ने अचानक पलटा खाया और धूल भरी आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।साथ ही चने और इससे भी बड़े आकार के ओले गिरे।ओलावृष्टि से आमजन के साथ ही मवेशियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।खुली जगहों पर आयोजित होने वाले शादी-ब्याह और अन्य समारोहों में अव्यवस्था फैल गई।वहीं बारिश और तेज हवाओं के चलते बिजली भी गुल रही। करीब 3 घण्टे तक चली धीमी और तेज बारिश से सड़कों पर बरसाती पानी बह निकला।तापमान में गिरावट आने से मौसम खुशगवार हो गया और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।विदित हैं कि मौसम विभाग द्वारा पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है।


## कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली - बहरोड़)

क्रमाक : न.प.कोट./भूमि/2026 /1065 दिनांक :-01/05/2026

**प्रारूप - 10**
**(नियम 6 (7)**
**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्री अविरल गुप्ता पुत्र श्री सुनीति रमण गुप्ता जाति महाजन निवासी मौहल्ला बूचाहेडा, तहसील कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली | भोजावास (कोटपूतली ) | 1054/3, 1642/1054 | 0.2875 हैक्टेयर | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन को जारी की गई है।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपरिषद् कोटपूतली**



## पेड पीआर बंद होना चाहिए

निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में अपने लोकप्रिय टीवी शो 'कॉफी विद करण' के नए सीजन की घोषणा की। इससे शो के फैंस काफी उत्साहित हैं। अब निर्माता ने इंडस्ट्री में होने वाले पेड पीआर को लेकर बात की। उन्होंने पेड पीआर कल्चर को बंद करने की बात कहते हुए कहा कि बॉलीवुड को अपने काम को ही बोलने देना चाहिए और प्रचार-प्रसार कम करना चाहिए। हाल ही में एक चर्चा में करण जौहर शामिल हुए। यहां एक कंटेस्टेंट ने जाह्नवी कपूर और शनाया कपूर जैसी अभिनेत्रियों द्वारा अपनी हालिया फिल्मों 'परम सुंदरी' और 'तू या मैं' के लिए 'मेथड मार्केटिंग' करने का जिक्र किया। उन्होंने पूछा कि क्या पीआर का यह चलन बॉलीवुड में भी फैल सकता है? इस पर करण ने जवाब दिया कि मुझे लगता है कि बॉलीवुड को पीआर करना बंद कर देना चाहिए। यह कहीं बेहतर होगा। उन्हें अपनी उपलब्धियों को खुद बोलने देना चाहिए क्योंकि दुर्भाग्य से आजकल सारा पीआर पेड पीआर ही है। इसलिए अगर आप यह कहना चाहते हैं कि आप खूबसूरत दिख रहे हैं, तो आपको पैसे देने होंगे। अगर आपको यह कहना है कि आप धरती पर सबसे अच्छे अभिनेता हैं, तो आपको पैसे देने होंगे। मुझे लगता है कि पीआर के मामले में हम हद से ज्यादा सक्रिय हैं। इसलिए, वे मेथड मार्केटिंग कर रहे हैं या नहीं, यह मायने नहीं रखता। उन्हें खुद की मार्केटिंग करना बंद कर देना चाहिए और अपने काम को बोलने देना चाहिए।

### यहां हर चीज पैसे देकर मिलती है

इस दौरान करण ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका निशाना कोई खास कलाकार नहीं था, बल्कि वे आम चलन की बात कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मतलब उन लोगों से नहीं है, जिनके बारे में आप बात कर रहे हैं। मेरा मतलब आम तौर पर सभी से है। पीआर और मार्केटिंग काम की महत्वपूर्ण कैटेगरी हैं और इन्हें उसी के हिसाब किया जाना चाहिए। किन अब हर चीज पैसे देकर मिलती है और यह बात बेहद परेशान करने वाली हो सकती है। क्योंकि तब आप यह अंदाजा नहीं लगा सकते कि क्या लोगों को पसंद आ रहा है और क्या नहीं। अब आप हर चीज को इस नजरिए से देखते हैं, 'क्या लोग सच में इसे पसंद कर रहे हैं या उन्हें पसंद करने के लिए पैसे दिए गए हैं?'




# हिंदी के लिए साई पल्लवी ने मांगी माफी, बॉलीवुड डेब्यू से पहले नर्वस हैं एक्ट्रेस

साई पल्लवी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'एक दिन' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार हैं। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें आमिर खान समेत फिल्म की कास्ट भी मौजूद रही। इस इवेंट में साई पल्लवी भी पहुंचीं, जहां उन्होंने इमोशनल स्पीच दिया। इस दौरान साई ने अपनी कमजोर हिंदी के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी घबराई हुई भी हैं।


### कमजोर हिंदी के लिए मांगी माफी

कार्यक्रम के दौरान जब साई पल्लवी को मंच पर बोलने के लिए बुलाया गया, तो एक्ट्रेस ने हिंदी पर अपनी सीमित पकड़ के लिए माफी मांगी। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आगाह किया कि बोलते समय उनसे ग्रामेटिकल मिस्टेक हो सकती है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साई ने स्वीकार किया कि उन्होंने हिंदी में बोलने की तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता था कि हमें इस कार्यक्रम में बोलना होगा। कम से कम मैं हिंदी में कुछ सीख तो लेती, लेकिन कृपया मुझे माफ कर दीजिएगा। व्यक्तिगत रूप से मैं आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। फिल्म की कास्ट और क्रू की तारीफ करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि आप सब अविश्वसनीय थे, हर एक व्यक्ति, आप सभी बहुत ही सुंदर कहानीकार हैं। मैं आपकी भावनाओं को महसूस कर सकती थी, मैं अपने सामने के सीन को देख सकती थी। यह सचमुच बहुत खूबसूरत था।

### आमिर का जताया आभार



साई ने इंडस्ट्री में अपने सफर को लेकर कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं वास्तव में थिएटर जाने वाली, ऐसी जगह जाने वाली थी जहां इतनी प्रतिभाओं का संगम हो। लेकिन मैंने जो कुछ भी किया है, वह मुझे यहां तक ले आया है और मैं इस पूरी यात्रा के लिए बहुत आभारी हूं। आमिर खान को धन्यवाद देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि आमिर सर, मुझे इस तरह का मौका देने और इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए चुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जब भी आप सब प्यार की बात करते थे, मैं आपके चेहरे पर चमक देख सकती थी। यह मेरी पहली हिंदी फिल्म होने जा रही है। मैं सचमुच बहुत घबराई हुई हूं। लेकिन यह एक बेहद खूबसूरत सफर है। पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद।



# मेरे करियर में मेहनत से ज्यादा भाग्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म सिनेमाघरों में बनी हुई है। हाल ही में अक्षय कुमार का कहना है कि सफलता के लिए मेहनत जरूरी होती है। लेकिन मेरे करियर में मेहनत से ज्यादा भाग्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं अभिनेता अपने फिल्मी सफर को लेकर भी बात की।

क्विज रियलिटी शो 'व्हील्स ऑफ फॉर्च्यून' को होस्ट कर रहे अक्षय कुमार ने मेहनत और भाग्य को लेकर अपनी राय रखी। शो में अक्षय ने कहा कि मैं अपने अनुभवों के आधार पर ऐसा मानता हूं कि मेहनत की जरूरत तो है और मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। लेकिन मेरे करियर में या अक्षय कुमार ने फिल्म सेट पर अपने रोजमर्रा के अनुभवों के आधार पर आगे बताया कि उन्हें नियमित रूप से हजारों ऐसे युवा, महत्वाकांक्षी अभिनेता मिलते हैं जो उनसे अधिक प्रतिभाशाली या दिखने में बेहतर होते हैं। लेकिन फिर भी गुमनाम रह जाते हैं, क्योंकि इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए तमाम कोशिशों के बावजूद किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया है।

### तीन दशकों से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं अक्षय

अक्षय कुमार तीन दशकों से अधिक समय से हिंदी सिनेमा में सक्रिय हैं और अब उनकी गिनती इंडस्ट्री के टॉप लीडिंग स्टार्स में होती है। उन्होंने लगभग 150 से भी अधिक फिल्में की हैं। इनमें कई ब्लॉकबस्टर और सुपरहिट फिल्में रही हैं। इनमें 'हेरा फेरी', 'केसरी', 'जॉली एलएलबी', 'हाउसफुल' और 'खिलाड़ी' सीरीज जैसी कई हिट फिल्में शामिल हैं।

### अक्षय की पाइपलाइन में हैं ये बड़ी फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय की 'भूत बंगला' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म से अक्षय और प्रियदर्शन की हिट जोड़ी ने 14 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है।


# जानकारी की अधिकता आज की युवा पीढ़ी के लिए चुनौती बन गई है

आज की तेजी से बदलती दुनिया और तकनीक के विस्तार ने युवाओं की जीवनशैली को पूरी तरह से बदल दिया है। अक्सर सोशल मीडिया पर अपने अनोखे रिलेशनशिप ट्रेंड्स और नए 'स्लैंग' के कारण चर्चा में रहने वाली जेनजी को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने अपने विचार शेयर किए। अभिनेत्री ने एक पॉडकास्ट का क्लिप इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें काजोल ने अपनी और जेनजी के बीच की बुनियादी अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि कैसे जानकारी की अधिकता आज की युवा पीढ़ी के लिए चुनौती बन गई है। उनका मानना है कि आज की युवा पीढ़ी को इंटरनेट से मिलने वाले 'शोर' से बाहर निकलकर खुद के लिए फैसला लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। केवल सोशल मीडिया के ट्रेंड्स को फॉलो करना काफी नहीं है, बल्कि अपने मूल्यों और सीमाओं को खुद परिभाषित करना ही असल परिपक्वता है।

काजोल कहती हैं, 'मुझे लगता है कि जेनजी इस समय 'जानकारी के ओवरलोड' से गुजर रही है। हम ऐसे समय में बड़े हुए जब जानकारी बहुत सीमित हुआ करती थी। इसलिए हमें अपनी नैतिकता, सीमाएं और सही-गलत का फैसला खुद अपनी सोच से करना पड़ता था।' अभिनेत्री ने बताया कि आज के युवाओं के पास हर चीज के बारे में जवाब उपलब्ध हैं। हर कोई जानता है कि क्या सही है और क्या गलता, लेकिन वे इसमें इस कदर खोए हुए हैं कि वे यह तय नहीं कर पा रहे कि उनके लिए व्यक्तिगत रूप से क्या सही है।



# बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' का टॉक्सिक से होगा मुकाबला




**बॉबी देओल अपनी आगामी फिल्म 'बंदर'/ 'मंकी इन अ केज' को लेकर चर्चा में हैं। बीते साल सितंबर में इसका प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इस साल फरवरी में फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया गया था। यह फिल्म 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए इंतजार करना होगा।**

फिल्म 'बंदर' अब मई में नहीं, बल्कि जून में रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से इसकी टक्कर होगी। समाचार एजेंसी के मुताबिक फिल्म 'बंदर' 05 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में दस्तक देने जा रही है। बता दें कि यश की मेगा बजट फिल्म 'टॉक्सिक' 04 जून, 2026 को रिलीज हो रही है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी, बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी अभिनीत फिल्म 'बंदर' को निखिल द्विवेदी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर बीते साल जुलाई में रिलीज किया किया गया था। तब इस फिल्म का सलेक्शन टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब यह फिल्म भारतीय दर्शकों तक पहुंच रही है।



# दोस्ती शादी को सरल बनाती है



**टीवी, फिल्में और ओटीटी पर अपनी यादगार भूमिकाओं से पहचान बनाने वाली कृतिका कामरा हाल ही में शादी के बाद काम कर लौट आई हैं। पिछले दिनों जाने -माने वीजे और क्रिकेट होस्ट गौरव कपूर के साथ अपने सादगी भरी शादी को लेकर चर्चा में रहने वाली कृतिका इन दिनों ओटीटी की वेब सीरीज 'मटका किंग' से खबरों में हैं। इस मुलाकात में वे अपने काम के अलावा अपनी शादी और शादी के बाद होम मैनेजमेंट जैसे मुद्दों पर दिल खोलकर बात करती हैं**

कृतिका बताती हैं कि उनके प्यार को शादी की मंजिल तक पहुंचाने में उनके बीच की दोस्ती का बड़ा हाथ रहा। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि दो पार्टनर के बीच दोस्ती एक ऐसी चीज है, जो दोनों के रिश्ते को सरल बनाती है। वो हमारे बीच शुरू से ही थी। उसके अलावा हम दोनों ही एक-दूसरे की निजता की इज्जत करते हैं। हमारे काम की, हमारे सफर की। मेरी तरह गौरव भी मुंबई से नहीं हैं। हम दोनों ही बाहर से आए और हमने अपनी जगह बनाई, तो हम एक-दूसरे से रिलेट कर पाते हैं। गौरव और मैंने दोनों ने यंग एज से काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने जिस इज्जत और मेहनत से अपना मुकाम बनाया है, मैं उसकी बहुत कद्र करती हूं। मुझे पता है कि आपको किस तरह से अपने वैल्यूज को बरकरार रखते हुए समझौते भी करने होते हैं। हम अपने वर्क एथिक्स पर बहुत ध्यान देते हैं। हम दोनों ही बहुत सारी चीजें साथ में करना पसंद करते हैं, पर अपने-अपने काम को लेकर हम इंडिविजुअल हैं।'

### घर का काम मिल-जुलकर करते हैं

अपने होम मैनेजमेंट के बारे में कृतिका कहती हैं, 'हम लोग सालों से मुंबई में अकेले रहते आए हैं, तो घर चलाना गौरव को भी आता है और मुझे भी। अब जैसे मेरी सीरीज के प्रमोशन्स के दौरान गौरव का आईपीएल चल रहा था, तो उनकी शाम की शिफ्ट थी। उस दौरान लंच में क्या होगा, वो देख लेंगे। जो जिस वक्त वे घर पर होते हैं, वे देख लेते हैं और हम मिल-जुलकर काम करते हैं। हम दोनों ही खाना पकाना जानते हैं, ये अलग बात है अभी बनाते नहीं हम। मगर ये सच है कि हमारे रोल ट्रेडिशनली डिफाइन नहीं हैं। अब जैसे मेरी मम्मी भी वर्किंग वुमन थीं और उन्हें घर और ऑफिस के दोनों काम करने पड़ते थे। मगर मैं घर का खयाल उन दिनों रखती हूं, जिन दिनों मैं घर पर होती हूं। घर चलाना मेरी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है। गौरव भी सामान रूप से पार्टिसिपेट करते हैं।'

### जब दिल और दिमाग ने कहा, तब शादी की

कृतिका और गौरव लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे। फिर बात शादी तक कैसे पहुंची? इस सवाल पर वे कहती हैं, 'मुझे मैरिज इंस्टिट्यूशन पर हमेशा से बहुत गहरा विश्वास रहा है और मैंने इसे कभी हलके में नहीं लिया। चूंकि मैं शादी की अहमियत को समझती हूं, तो मुझे हमेशा से लगा था कि मेरा दिल और दिमाग जब दोनों हां बोलेंगे, तो मैं शादी के लिए तैयार समझूंगी खुद को। हर लड़की को इसी तरह से सोचना चाहिए। हम लोग शादी करने के लिए नहीं मिले थे, मगर फिर धीरे-धीरे हम एक-दूसरे को जानने लगे। मैंने गौरव की कई छोटी-छोटी बातें नोट कीं।'

### तेज गर्मी में बूफोन लुक चुनौतीपूर्ण

टीवी से ओटीटी की दुनिया में आईं कृतिका कहती हैं, 'टीवी छोड़े हुए मुझे काफी समय हो गया है, मगर मैंने टीवी पर जितना भी काम किया है, यादगार रोल किए। ओटीटी की मेरी जर्नी तांडव से शुरू हुई थी। उसके बाद मुझे कई बड़े और अच्छे डायरेक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला। कई बार ऐसा भी हुआ कि वो उनकी पहली वेब सीरीज थी। जैसे ये नागराज मंजुले जी की पहली सीरीज है। अपनी ओटीटी की जर्नी को लेकर मैं बहुत खुश हूं।' अपनी नई सीरीज मटका किंग में कृतिका 60-70 के दशक के लुक में हैं। उनका कहना है कि मेकअप को सेट करने में बहुत वक्त लगता था। बकौल कृतिका, 'इससे पहले कई सीरीज में मैं नो मेकअप लुक में भी रही हूं, पर इस रोल में सिक्टीज के लुक में सजने - संवारने के पूरे मौके थे, तो मजा भी खूब आया,



मगर इस लुक के लिए मुझे सेट पर दो घंटे पहले आना पड़ता था। मुझे याद है कि हम रेसकोर्स का सीन शूट कर रहे थे, जिसमें मेरा हेयरस्टाइल बूफोन लुक था। उस लुक में सिर पर एक पफ बनाना पड़ता है। उस पर मैंने हैट भी पहनी थी और हाथों में ग्लब्ज भी। पीक गर्मी में इस लुक के साथ शूट करना बहुत ही चुनौतीपूर्ण था।

# स्वच्छता मापदंडों की 100 फ़ीसदी कामयाबी तय होगी, स्वच्छता में सुशासन का एहसास करने की ताकत : के के गुप्ता

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार की ओर से नियुक्त प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता की ओर से सोमवार प्रातः कलेक्ट्रेट सभागार जिला जालौर में नगर परिषद सहित जिले की सभी निकायों के अधिकारियों और कर्मचारी की कार्यशाला को संबोधित किया गया। कार्यशाला में जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावडे ने ब्रांड एंबेसडर का सम्मान किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता सुशासन की पहली सीढ़ी है। जहां पर गंदगी है, वहां कमजोरी का एहसास होता है, वहीं पर स्वच्छता पाए जाने पर हमें एक नई ताकत और ऊर्जा का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में कुछ बड़ा हासिल करेंगे तो सफलता भी शोर मचा देगी जिसकी गूंज देश दुनिया में सुनाई देगी। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर इंदौर व राजस्थान में डूंगरपुर का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि जालौर शहर को स्वच्छ भारत मिशन की परिकल्पना साकार करने हेतु इन शहरों का अनुसरण करना होगा।




## मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में विकसित और समृद्ध राजस्थान बनेगा:

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साहब का संकल्प है कि हमारा राज्य समृद्ध और विकसित बने जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान सबसे प्राथमिक कड़ी का कार्य करता है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में गत वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम जिसमें लगभग 30 हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसमें से 8 हजार करोड़ के एमओयू पर काम भी प्रारंभ हो गया है, यह राजस्थान के लिए बहुत बड़ा गौरव का विषय है जिसका सारा श्रेय राजस्थान यशस्वी मुख्यमंत्री को जाता है इससे राजस्थान समृद्ध और विकसित राजस्थान बनेगा तथा हम सबको मिलकर स्वच्छ राजस्थान बनाना होगा। बैठक के दौरान गुप्ता ने कहा कि राजस्थान राज्य में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल, कृषि, उद्योग, पर्यटन और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप राजस्थान प्रगति पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। राज्य के शहरों से लेकर गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है और जनता में विश्वास का वातावरण मजबूत हुआ है।

## अधिकारियों को निर्देश, इन 5 प्रमुख बिंदुओं पर करें विशेष फोकस:

घर-घर कचरा संग्रहण - सुबह 10 बजे से पूर्व शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण हो। स्रोत पर ही गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए। जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाएं। कचरा संग्रहण की सूक्ष्म मॉनिटरिंग हो ताकि कोई लूपहोल नहीं रहे।

नाइट स्वीपिंग - रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक प्रत्येक 400 मीटर क्षेत्र में एक कर्मचारी सफाई करे। वाणिज्यिक क्षेत्रों में 365 दिन रात्रिकालीन सफाई होनी चाहिए। रात की पारी में सफाई करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक शौचालय - सार्वजनिक शौचालय दिन में तीन बार साफ हों। अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षण स्वयं दिन में एक बार सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करें। इससे शौचालयों में स्वच्छता बढ़ेगी जिससे आमजन की सराहना भी मिलेगी। विद्यालयों के शौचालयों की भी नियमित सफाई करवाएं। प्लास्टिक थैली - प्लास्टिक थैली हमारे पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और पशुओं के लिए हानिकारक है। प्लास्टिक थैली के उपयोग को इस हद तक हतोत्साहित करना होगा कि प्लास्टिक हमें नजर ही नहीं आए। प्लास्टिक थैली का उत्पादन और व्यापार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। खाली प्लॉट्स - शहर में खाली प्लाट्स कचरे का बड़ा केंद्र बन गए हैं। ऐसे सभी खाली प्लाट्स के मालिकों को गंदगी साफ करवाने के बाद बाउण्ड्री करवाने के लिए पाबंद करें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो निगम यह काम करवाए और लागत का 10 गुना प्लॉट मालिक से वसूले। राशि जमा नहीं करवाने पर प्लॉट को सीज किया जाए। शहर में शत प्रतिशत स्ट्रीट लाइट जलनी चाहिए। बाग-बगीचों की नियमित सफाई हो। वहां झूले लगे हो और फव्वारे कार्यशील हों। निर्माण सामग्री सड़को और नालियों को बाधित नहीं करे। बिना लाइसेंस के मांस की दुकानों को बंद करवाया जाए। डिवाइडर कचरा पात्र नहीं बनें। सरकारी सम्पत्तियों पर पोस्टर नहीं चिपके हों। कचरा यार्ड में आग नहीं लगनी चाहिए। 90 ए भू रूपांतरित करने के पूर्व भूमालिक की ओर से जमीन का विकास कार्य कराए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए। कार्यशाला में नगर परिषद जालोर आयुक्त शिवपाल राजपुरोहित, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, महेश भट्ट सहित अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## कार्यों के आधार पर निकायों को चार श्रेणी में रखा जाएगा:

*गुप्ता ने कहा कि सभी निकायों को स्वच्छता पर चल रहे कार्यो के आधार पर चार भागो में बाँटा गया है। ए श्रेणी के निकायो में अभी स्वच्छता के प्रति श्रेष्ठ कार्य चल रहा है। बी श्रेणी के निकायो में स्वच्छता के प्रति संतोषजनक कार्य किये जा रहे है। सी श्रेणी के निकायो में स्वच्छता के कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं है सुधार के लिए चेतावनी दी जानी आवश्यक है। डी श्रेणी के निकायों में सख्त कारवाई की आवश्यकता है।*

## सुंदेलाव तालाब से मामानाडी नाला निर्माण का उठा मामला:

कार्यशाला के दौरान मामला सामने आया कि नगर के नाला निर्माण कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति के लिए मुख्य अभियंता कार्यालय जोधपुर में पिछले 8 माह से फाइल लंबित चल रही है। स्वीकृति मिलने में हो रही देरी के कारण बरसात का पानी कॉलोनी में घुसेगा, जिसको लेकर पूर्व में भी आमजन ने भारी विरोध किया था जिला कलेक्टर ने भी बताया कि उनकी ओर से भी मुख्य अभियंता से बात की गई थी परंतु आज तक पत्रावली स्वीकृत नहीं हुई है। इस मुद्दे पर ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि बिना कारण फाइल रोकने वाले और जनता को मूलभूत सुविधा से वंचित होने पर विवश करने वाले दोषी अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाने की उच्च स्तरीय अनुशंसा की जाएगी। कार्यशाला में सीवरेज से संबंधित मुद्दा सामने आया कि प्रोजेक्ट में काम कर रहे अधिकारी लापरवाही रख रहे हैं, जिस पर गुप्ता ने पुराने कार्यों की पहले मरम्मत की जाए उसके बाद ही नया कार्य किया जाए जो लाइन पूरी तरह से सतिग्रस्त हो गई है उन्हें बदलने का कार्य तीव्र गति से किया जाए तथा एक बात का ध्यान रखा जाए कि 1 किलोमीटर से ज्यादा की मेंटेनेंस बाकी नहीं रहनी चाहिए। इसके साथ ही निकाय में नई मशीन क्रय करने के लिए जयपुर विभाग को पत्र लिखा जाएगा और कचरा संग्रहण वाहन में मेडिकल वेस्ट एकत्र करने का कार्य देखने वाले संबंधित संवेदक को भी पाबंद किया गया।

## पूरी टँकी पेट्रोल भरवाया, बिना भुगतान किए गाड़ी लेकर रफूचक्कर



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पार्श्वनाथ रोड पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर बीती रात करीब 3:30 बजे एक काले रंग की बिना नम्बरी नई थार गाड़ी में पूरी टँकी पेट्रोल भरवा कर बिना भुगतान किए चालक रफूचक्कर हो गया। पेट्रोल पम्प मैनेजर मनोज कराड़ ने थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि पेट्रोल भरवाने के बाद जब रूपये देने का समय आया तो कार चालक पेट्रोल कर्मी को बातों में उलझा कर कार को तेजगति से भगा ले गया।पेट्रोल कर्मी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन रोक नहीं पाया।मैनेजर मनोज ने उक्त वाहन की जानकारी आरोली टोल नाके पर दी तो टोलकर्मियों ने भी कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन कार चालक टोलगेट को टक्कर मार कर फरार हो गया।

## सुमेरपुर बस स्टैंड पर 'जल-सेवा' शुरू, यात्रियों को मिलेगा शीतल पानी




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** भीषण गर्मी के तेवरों के बीच सुमेरपुर में मानव सेवा की एक प्रेरक मिसाल सामने आई है। सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय बस स्टैंड पर यात्रियों की राहत के लिए शीतल जल गृह (जल-सेवा) की शुरुआत कर समाजहित का मजबूत संदेश दिया है। अब बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों को तपती धूप में ठंडे पानी की सहज सुविधा मिल सकेगी। संस्थान के अध्यक्ष पोपट लाल जैन ने फीता काटकर इस सेवा का शुभारंभ किया। सह सचिव गिरीश शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह पहल की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को राहत मिल सके और उन्हें पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेश जोशी, सलाहकार कैलाश सेन, मिठालाल रांका, गोविंद राठौड़, झुमर मल गर्ग, विपुल त्रिवेदी, लक्ष्मण देवासी, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को समाज के लिए उपयोगी और सराहनीय बताया। संस्थान न सिर्फ रेल सुविधाओं के विस्तार और जवाईबांध रेलवे स्टेशन पर नई रेलों के ठहराव की मांग को लेकर सक्रिय है, बल्कि मानव सेवा के क्षेत्र में भी लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अंत में कोषाध्यक्ष राजेश जोशी ने सभी सदस्यों का आभार जताया, वहीं अध्यक्ष पोपट लाल जैन ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा के कार्यों में सभी का सहयोग मिलता रहेगा।

## हमारी एक गलती से हो सकता है बड़ा नुकसान, सोच समझ कर करें इंटरनेट का उपयोग

### ट्रांसफोरमेटिव टयूजडे कार्यक्रम के तहत भाद्राजून में शिविर का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट के निर्देशन में सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाद्राजून में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ट्रांसफोरमेटिव टयूजडे कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला व सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कहा कि इंटरनेट चलाने के कई फायदे भी है तो इसके दुष्प्रभाव भी है इसलिए हम सभी को सावधानी बरतते हुए इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। हमारी एक गलती से बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मोबाइल व इंटरनेट का उपयोग सावधानी से करना चाहिए, गलत क्लिक करने से कई तरह के नुकसान हो सकते है।उन्होंने इलेक्ट्रोनिक गैजेट मोबाइल, लेपटॉप, डेस्कटॉप उपयोग के दौरान बहुत अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि इनके उपयोग से होने वाले नुकसान व फायदों के बारे में बताते हुए इनका उपयोग सावधानीपूर्वक करने का आह्वान किया। इस दौरान सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया। इस दौरान उन्होंने 9 मई को आयोजित होने राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने का भी आह्वान किया। सचिव ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के बारे में भी विस्तार से बताया और कहा कि इसकी सूचना होने पर उपखंड कार्यालय, पुलिस या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचना देनी चाहिए। इस दौरान अधिकार मित्र देवाराम ने मानव व वन्य जीव संघर्ष के पीडितों के लिए न्याय तक पहुंच योजना 2026, पोश एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नालसा हेल्पलाइन 15100 एवं साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य मनोहरसिंह मेहरू सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## ग्राम रथ अभियान राज सरकार की योजनाओं का गांव गांव जाकर कर रहा प्रचार प्रसार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में राजस्थान सरकार की ओर से किसानों के हित के लिए चलाए गए ग्राम रथ अभियान योजना का रथ सोमवार को राजाखेड़ा क्षेत्र के शाहपुरा पहुंचा जहां भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों की ओर से ग्राम रथ का भव्य स्वागत, किया गया। राजाखेड़ा क्षेत्र के शाहपुरा में आयोजित ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार का उद्देश्य योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। शर्मा ने कहा कि राजाखेड़ा क्षेत्र के किसान भाइयों को भी खेती के पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक व तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए खेती करने को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार किसानों के हित के लिए सदैव तत्पर हैं। साथ ही यात्रा के दौरान भाजपा नेत्री ने बंगाल चुनाव में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान वीडियो के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से रथ का विधिवत स्वागत किया गया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे इस दौरान राजू कुशवाह, रामवीर कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, रामदास, जलसिंह, दौजीराम, बदन सिंह, ठाकुर अतर सिंह, ठाकुर श्याम सुंदर, दलवीर, अशोक, सतवीर, मुकेश, विजेंद्र, रामदत, रामसेवक मुद्गल,राजकुमार सिकरवार व रमेश सहित अन्य मौजूद रहे

## आधुनिक तकनीक से बदली खेती की तस्वीर, राधेश्याम बने आत्मनिर्भर किसान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले की राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसईयालालू निवासी किसान राधेश्याम ने मेहनत, नवाचार और सरकारी योजनाओं के बेहतर उपयोग से खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। ग्राम रथ अभियान के तहत उनकी सफलता की कहानी अब क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है। पहले राधेश्याम पारंपरिक खेती करते थे, जिससे उत्पादन सीमित और आय कम थी। सिंचाई के साधनों की कमी और बारिश पर निर्भरता उनके लिए बड़ी समस्या थी। ग्राम रथ अभियान से जुड़ने के बाद उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने खेती के तरीके में बदलाव शुरू किया।

राधेश्याम ने अपने खेत पर फार्म पौंड (जल संग्रहण संरचना) का निर्माण करवाया, जिससे वर्षा जल का संचयन संभव हुआ। इससे उन्हें पूरे साल सिंचाई के लिए पानी मिलने लगा और सूखे की समस्या काफी हद तक कम हो गई। इसके साथ ही उन्होंने सोलर संयंत्र लगाकर सिंचाई के लिए बिजली की समस्या भी दूर कर ली, जिससे लागत में कमी आई। उन्होंने ड्रिप सिंचाई, उन्नत बीज और आधुनिक कृषि उपकरणों को अपनाया। इससे न



केवल श्रम में कमी आई, बल्कि उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में वे खरीफ में बाजरा तथा रबी में गेहूं, चना, आलू, सरसों, लहसुन, सौंफ और मैथी जैसी फसलों की उन्नत तरीके से खेती कर रहे हैं। इन प्रयासों से राधेश्याम की आय में निरंतर वृद्धि हुई है और वे आत्मनिर्भर बन गए हैं। वे अपने गांव के अन्य किसानों को भी आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राधेश्याम की सफलता यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और नई तकनीकों के उपयोग से खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से ऐसी पहलें ग्रामीण विकास को नई दिशा दे रही हैं।

## अतिक्रमणकारियों पर टूटा प्रशासन का 'पीला कहर', गाडोलिया लोहार गली से अवैध कब्जे जमींदोज

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने ऐसा कड़ा प्रहार किया कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। गाडोलिया लोहार गली (हाउसिंग बोर्ड) में नगर पालिका की टीम ने 'पीला पंजा' चलाते हुए अवैध कब्जों को जड़ से उखाड़ फेंका।

लंबे समय से शिकायतों के बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाकर बैठे अतिक्रमणकारियों को इस बार कोई मोहलत नहीं मिली। तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह के निर्देशन और ईओ नरपत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में चले इस अभियान ने साफ संदेश दे दिया—अब कानून से खिलवाड़ महंगा पड़ेगा। गली की स्थिति इतनी बिगड़ चुकी थी कि दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने फुटपाथ से लेकर सड़क तक कब्जा जमा लिया था। आम राहगीरों के लिए निकलना तक दूभर हो गया था। बार-बार नोटिस और समझाइश के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन ने सीधा एक्शन लेते हुए जेसीबी मशीन उतार दी। कार्रवाई के दौरान अवैध शेड, बढ़ाए गए निर्माण और सड़क पर फैलाए गए कब्जों को मिनटों में ढहा दिया




गया। जेसीबी की गर्जना के साथ ही अतिक्रमणकारियों में भगदड़ जैसे हालात बन गए, जबकि आम जनता ने इस कार्रवाई का खुलकर समर्थन किया और राहत की सांस ली। नगर पालिका अधिकारियों ने दो टूक कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वालों को अब किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। शहर में लगातार अभियान चलाकर हर अवैध अतिक्रमण को खत्म किया जाएगा।

## सुमेरपुर पुलिस का 'शिकंजा' कसा, 7 महीने से फरार टॉप-10 बदमाश बंटी दबोचा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले में कानून से आंख-मिचौली खेल रहे अपराधियों के लिए अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। सुमेरपुर सदर थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए फायरिंग प्रकरण में पिछले 7 महीने से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित अपराधी पुष्पेंद्र पाल सिंह उर्फ बंटी को आखिरकार धर दबोचा। यह वही शातिर आरोपी है, जो 5 अक्टूबर 2025 को ग्राम सलोदरिया में हुई फायरिंग की वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहा था और पुलिस को खुली चुनौती दे रहा था।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड प्रथम, जयपुर सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज.), फोन : 0141-2229737**

क्रमांक : 341 दिनांक : 30/4/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या: 08 / 2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत Repair & Renovation works of Swasthya Bhawan, Jaipur कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, www.sppp.raj.nic.in, http// eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http//rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN- 1. NRH2627WSOB00127

**अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड प्रथम, जयपुर**

DIPR/C/7771/2026


## सुमेरपुर में गौसेवा अभियान तेज, गौशाला में पहुंचा हरा चारा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के कोलीवाड़ा स्थित श्री राम गौशाला में गौसेवा का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। सोमवार को गौमाता के लिए हरे चारे की दो ट्रॉलियां गौशाला पहुंचीं, जिससे सेवा कार्य को मजबूती मिली। बाबा रामदेव सेवा समिति के नेतृत्व में चल रही इस मुहिम में समाज के



लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। रामनगर के भामाशाह प्रकाश माली ने एक ट्रॉली हरा चारा भेंट किया, जबकि गौशाला मंत्री भंवरलाल परमार ने दूसरी ट्रॉली समर्पित की। गौशाला पदाधिकारियों ने दानदाताओं का आभार जताते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में हरे चारे की व्यवस्था चुनौतीपूर्ण होती है, लेकिन सहयोग से व्यवस्था सुचारू बनी हुई है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से गौसेवा अभियान से जुड़ने की अपील की। इस दौरान शिवलाल परिहार, अमर सिंह, खीमाराम कुमावत, मोहनदास वैष्णव और नगाराम देवासी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
05 मई, 2026


## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर घंटेल में ग्रामीणों ने मनाया जश्न



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हुई ऐतिहासिक जीत के बाद जिलेभर में जश्न का माहौल देखा गया। वहीं ग्रामीण अंचल भी पिछे नहीं रहा। इसीक्रम में चूरू विधानसभा क्षेत्र के गांव घंटेल में भी सोमवार को उत्साह का माहौल देखने को मिला, यहां सरपंच प्रतिनिधि नवल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शानदार जश्न मनाया। यहां ग्रामीणों ने आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और एक दूसरे को जीत की बधाईयां दी। इस दौरान ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे गांव में उत्साह का माहौल बन गया। इस मौके पर नवल राठौड़ ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में खड़ी है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यह ऐतिहासिक जीत है। भविष्य में भी इसी तरह जनसमर्थन बनाए रखने का विश्वास जताया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा की जीत पर तारानगर में जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की जीत की खुशी में तारानगर में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में चौधरी गेस्ट हाउस स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही बाजार में व्यापारियों को मुड़ी वितरित कर जीत की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर सुरेश चौधरी, अजीत सिंह राठौड़, महावीर पूनियां, सुशील सरावगी, नरेश झाझड़िया, विजय कुमार मित्तल, अशोक जांगिड़, सुरेश मित्तल, विशाल शर्मा, विजय प्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रभारी बनते हैं पायलट, उस राज्य में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनता है: महन सरिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** केरल राज्य में भारी बहुमत से कांग्रेस विजय होने पर चूरू जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के सानिध्य मे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि पुर्व उप मुख्यमंत्री व एआईसीसी के महासचिव व लोकप्रिय जन नेता सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव में जिस राज्य का प्रभारी बनाकर भेजा जाता है वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनता है। पायलट को इससे पहले हिमाचल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर भेजा था वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बना अब केरल राज्य के विधानसभा चुनाव में प्रभारी बनाया है। पायलट के अथक प्रयास व मेहनत से केरल में 10 साल से एलडीएफ पार्टी राज्य में राज कर रही थी उससे सत्ता छिन कर कांग्रेस पार्टी का भारी बहुमत लाए और मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। खडगे, सोनिया, राहुल, प्रियंका गांधी का पायलट को इन राज्यों के विधानसभा चुनावो में पायलट को प्रभारी बनाने पर आभार जताया। महन सरिया ने कहा कि पायलट की एक झलक देखने के लिए पूरे राज्य में पायलट पायलट हो रही है इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, हर फूल सिंह भाबू, मुशी खा,मोहन ट्रेलर, सलीम पीए, नवाबखा दौलत खानी, मोनू राम गड़िया, मुकेश महनसरिया, लक्ष्मण मेहरा, प्रभु दयाल कुदाल, परमेश्वर रेगर, योगेश शर्मा, ललित मेघवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुकुंदगढ़ रोड स्थित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति में सोमवार को उपखंड अधिकारी मुनेश कुमारी ने निरीक्षण किया। समिति के मीडिया प्रभारी जे पी सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने की गई छाया,पंखों व कूलर की व्यवस्था की सराहना की। साथ ही पानी आदि की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से गौवंश को तरबूज और गुड़ खिलाया। इस दौरान समिति अध्यक्ष किशोर चौहान, रविंद्र शर्मा,प्रकाश स्वामी, वंश, विक्रम, मोहनलाल, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना में आगे बढ़कर मिसाल बने कलक्टर संदेश नायक, खुद की स्व-गणना कर लोगों को किया प्रेरित

### ऑनलाइन प्रक्रिया को बताया आसान और सुरक्षित, जयपुरवासियों से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान में जिला कलक्टर संदेश नायक ने खुद पहल करते हुए एक प्रेरक उदाहरण पेश किया। सोमवार को कलेक्ट्रेट में उन्होंने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना कर न केवल प्रक्रिया को समझा, बल्कि आमजन को भी इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कलक्टर नायक ने बताया कि स्व-गणना की ऑनलाइन प्रक्रिया बेहद सरल, सुरक्षित और समय की बचत करने वाली है। उन्होंने कहा कि नागरिक अगर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करेंगे, तो आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता और अधिक मजबूत होगी। उनकी इस पहल से प्रशासनिक स्तर पर जनगणना अभियान को नई गति और सकारात्मक ऊर्जा मिली है। उन्होंने विस्तार से प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि पोर्टल पर लॉगिन कर बेसिक जानकारी भरने के बाद परिवार के मुखिया का पंजीकरण किया जाता है, जिसमें मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सत्यापन होता है। इसके बाद पसंदीदा भाषा का चयन कर लोकेशन से जुड़ी जानकारी और मैप पर घर की सटीक स्थिति अंकित की जाती है। आगे मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण दर्ज कर फॉर्म सबमिट किया जाता है, जिसके बाद 11 अंकों का एसई आईडी प्राप्त होता है। कलक्टर ने बताया कि इस प्रक्रिया में कुल 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं, जिनमें पानी, बिजली, शौचालय, रसोई, इंटरनेट और वाहनों जैसी सुविधाओं से संबंधित जानकारी शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही परिवार का पंजीकरण किया जा सकता है और अधूरी जानकारी मान्य नहीं होगी। उन्होंने बताया कि स्व-गणना अभियान 1 मई से 15 मई तक चलेगा, जबकि 16 मई से 14 जून तक डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा। इसके लिए लगभग 50 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कलक्टर नायक ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार है और इसमें हर नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी जयपुरवासियों से अपील की कि वे स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। जिला प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जुड़ सकें। कलक्टर की इस पहल को आमजन और प्रशासनिक हलकों में सराहना मिल रही है, जो जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## अब महिलाओं को राजनीति में बराबर का हिस्सा मिलना चाहिए:सारिका चौधरी

### चूरू में महिला कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, महिलाओं ने केंद्र सरकार से मांगा अपना हक




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को दादाबाड़ी में नारी न्याय सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका चौधरी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब महिलाओं को राजनीति में बराबर का हिस्सा मिलना चाहिए। सम्मेलन में एआईसीसी सचिव रेहाना रियाज, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा और तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सादुलपुर की पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने सामाजिक भागीदारी और शिक्षा को महिला सशक्तिकरण का आधार बताया। इस दौरान सेवादल अध्यक्ष संजय दीक्षित, निवर्तमान सभापति पायल सैनी, रियाजत खान और महिला प्रभारी टीना शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। समारोह के समापन पर जिला महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एडवोकेट रामेश्वर प्रजापत, विमला कालवा, किशनलाल सिंवर, अबरार खान, पूर्व पार्षद सुशीला सुण्डा, ब्लॉक अध्यक्ष शर्मिला, बलकेश, संतोष, सुमन दानोदिया, उकेला बानो, पुष्पा व कलावती सहित ब्लॉक स्तर की कार्यकर्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सद्दाम हुसैन ने किया।

## रतनगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई प्रचंड जीत की खुशी, झालमुड़ी बांटकर किया जश्न

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मंडल की ओर से पश्चिम बंगाल, आसाम व पौंडिचेरी में पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत की खुशी में सोमवार को स्थानीय घंटाघर के पास उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी का स्टाल लगाकर आमजन को झालमुड़ी वितरित की और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक विजय से प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को अवश्य साकार करेगा। रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार जनहित के कार्यों के बल पर देशभर में अपना जनाधार मजबूत कर रही है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने भी इस विजय को लोकतंत्र की मजबूती बताते हुए कहा कि जनता ने भाजपा की पारदर्शी और विकासोन्मुखी नीतियों पर मुहर लगाई है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, गोपालकृष्ण शर्मा, शहर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, किशनलाल सैनी, मंडल मंत्री भिवराज प्रजापत, हनीफ खत्री, महावीर महर्षि, स्वरूप सिंह, दीपचंद प्रजापत, निरंजन नाई, भंवरलाल टेलर, ओमप्रकाश चौधरी, जगदीश पारीक, पृथ्वी सिंह, सलीम खान, हनुमान सिंह, प्रदीप भरतीया, जगदीश सांखोलिया, सुरेश घारू, शंभूदयाल लाटा, राजेश भावनानी, सुनील शर्मा, श्याम मेघवाल, पन्ना लाल सोनी, प्रेम आत्रेय, लीलाधर जोशी, संदीप रांकावत, राजेंद्र चांदगोठिया, रामदेव चंदनिया, झूमरमल भार्गव, योगेश सारस्वत, प्रकाश चारण, महेंद्र उपाध्याय, बादल महर्षि, विनोद धानुका, राकेश रुन्थला, खाजन सिंह, अजीत महर्षि, रामोतार दायमा, शिवम सैनी, बलवीर स्वामी, महेश इंदौरिया, सोमदत्त शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जयपुर में 15 पेट्रोल पंपों पर औचक जांच, 3 के नोजल सीज; कम आपूर्ति पर कार्रवाई

### उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को लेकर विभाग सख्त, लाखों रुपए की गड़बड़ी उजागर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और सही माप-तौल सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिले में सोमवार को विधिक माप विज्ञान विभाग ने व्यापक अभियान चलाकर 15 पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर तीन पेट्रोल पंपों के नोजल सीज किए गए और 37 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 और राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम-2011 के तहत गठित तीन टीमों की ओर से अजमेर रोड, सीकर रोड और दिल्ली रोड क्षेत्र में की गई।

### कम आपूर्ति का बड़ा खुलासा

निरीक्षण के दौरान आमेर तहसील के नींदड़ हरमाड़ा स्थित विनायक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर प्रति 5 लीटर में 25 से 30 मिलीलीटर तक कम डीजल देने का मामला सामने आया। यहां प्रतिदिन करीब 8000 लीटर डीजल की बिक्री होती है, जिससे रोजाना लगभग 45 लीटर और महीने में करीब 1350 लीटर डीजल कम दिया जा रहा था, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई। इसी तरह पुराना दिल्ली रोड, शाहपुरा स्थित झंडी प्रसाद परमेश्वर लाल पेट्रोल पंप पर प्रति 5 लीटर में लगभग 30 मिलीलीटर कम आपूर्ति पाई गई। यहां प्रतिदिन 4500 लीटर बिक्री के आधार पर रोजाना करीब 27 लीटर और महीने में 810 लीटर तक कम आपूर्ति का अनुमान है, जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपए है। वहीं बगरू रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महेंद्र शर्मा एंड कंपनी पेट्रोल पंप पर एक नोजल से प्रति 5 लीटर में करीब 40 मिलीलीटर कम पेट्रोल दिया जा रहा था। यहां प्रतिदिन 5000 लीटर बिक्री के आधार पर रोजाना 40 लीटर और महीने में करीब 1200 लीटर की कमी पाई गई, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई गई।

### नोटिस जारी, जुर्माना वसूला:

दिल्ली रोड स्थित हाईवे सर्विस स्टेशन, आमेर पर भी नियमों के उल्लंघन मिलने पर नोटिस जारी किया गया। विभागीय टीमों ने कार्रवाई करते हुए कुल 37 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान:

विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरे राजस्थान में पेट्रोल पंपों की नियमित जांच जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सही मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराना और माप-तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी जीतने पर सरदारशहर भाजपा में जश्न



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पश्चिम बंगाल के चुनावी रुझानों में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने की आहट के साथ ही सरदारशहर में जश्न का माहौल बन गया। जैसे-जैसे जीत के संकेत मजबूत होते गए, वैसे-वैसे सरदारशहर में बीजेपी कार्यकर्ताओं का उत्साह भी चरम पर पहुंच गया। सरदारशहर में बीजेपी नेता राजकरण चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व गुलाल की होली खेलकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान बीजेपी नेता राजकरण चौधरी ने बंगाल में हुई इस जीत को पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत बताते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे राजस्थान के नेता राजेंद्र राठौड़ ने लगातार 2 महीने तक पश्चिम बंगाल में डेरा डाले रखा और उसका नतीजा यह रहा कि वह सभी राजस्थानी निवासियों के वोट भाजपा को दिलाने में कामयाब हुए और बीजेपी बहुमत के साथ वहां पर जितने में कामयाब हुई है। राजकरण चौधरी ने कहा कि यह बीजेपी की जीत नहीं बल्कि पूरे देश की जीत है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से जो वहां की जनता भुगत रही थी, इसका करारा जवाब अब मतदाताओं ने दिया है। उन्होंने कहा कि सभी की मेहनत से इतिहास कायम हुआ है। वामपंथियों और ममता दीदी का शासन खत्म हो गया है। यह रिजल्ट हम सब भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए डबल ऊर्जा का काम करेगा। जश्न के बीच कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा नेता राजकरण चौधरी, मदन ओझा, अमिताभ चांवरिया, राजूनाथ सिद्ध, अजय भाटी, कानसिंह राजपूत, दीपक बेद, बबलू चौधरी, अजय चौधरी, श्रवण चिंरानिया, विनोद जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में पुलिस जवानों को राहत, 5 लाख ओआरएस पैकेट्स होंगे वितरित

### डीजीपी राजीव कुमार शर्मा की पहल, 44-46 डिग्री तापमान में ड्यूटी कर रहे जवानों के स्वास्थ्य पर फोकस

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच राजस्थान पुलिस ने अपने जवानों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्यभर के कांस्टेबलों को 5 लाख ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट) पैकेट्स वितरित किए जाएंगे, ताकि ड्यूटी के दौरान डिहाइड्रेशन और लू से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर शुरू की गई है। उन्होंने गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जवानों की सेहत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान में रोटरी क्लब मुंबई से जुड़े प्रवासी राजस्थानी आशीष पोद्दार का विशेष सहयोग मिल रहा है। उनके सहयोग से बड़ी संख्या में ओआरएस पैकेट्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे यह अभियान और प्रभावी बन सका है। पूरे अभियान का संचालन डीआईजी प्रशिक्षण शरद चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में यह राहत सामग्री प्रदेश के 12 पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और राजस्थान से बाहर संचालित 4 प्रशिक्षण केंद्रों तक भेजी जा रही है। इसके साथ ही रेंज आईजी के माध्यम से हर कांस्टेबल तक ओआरएस पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। योजना के तहत प्रत्येक जवान को 10-10 ओआरएस पैकेट्स दिए जाएंगे। खासतौर पर यातायात, कानून-व्यवस्था, गश्त और सार्वजनिक ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जो भीषण गर्मी में घंटों खुले में ड्यूटी करते हैं।

### पहली खेप पहुंची, वितरण शुरू:

अभियान की शुरुआत सोमवार से हो गई है। पहली खेप के रूप में करीब 90 हजार ओआरएस पैकेट्स का ट्रक राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंचा, जहां से इन्हें प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा जा रहा है। मंगलवार को दूसरी खेप में भी लगभग 90 हजार पैकेट्स आने की संभावना है, जबकि अगले 5 से 7 दिनों में शेष आपूर्ति पूरी कर ली जाएगी। डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। ऐसे हालात में यह पहल जवानों के लिए बेहद राहतकारी साबित होगी और उन्हें ड्यूटी के दौरान ऊर्जा व सुरक्षा प्रदान करेगी। राजस्थान पुलिस की यह पहल न केवल एक प्रशासनिक निर्णय है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी परिचायक है, जो कठिन परिस्थितियों में सेवा दे रहे जवानों के प्रति जिम्मेदारी और सरोकार को दर्शाती है।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
05 मई, 2026


## जनगणना प्रथम चरण के लिए द्वितीय बैच के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** राजकीय लोहिया गर्ल्स कॉलेज में जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण व मकानों की गणना प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह प्रशिक्षण फिल्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणक व सुपरवाईजर को दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में एसडीएम मिथिलेश कुमार ने कार्मिकों का उत्साह वर्धन किया और जनगणना कार्य निष्ठा व लगन से करने के लिए प्रेरित किया। फिल्ड ट्रेनर विक्रमसिंह चौहान, नगराज प्रजापत, विनोद सिसोदिया, राधाकृष्ण पीपलवा, नरेंद्र सांकृत्य, महेश सांखोलिया, मनोज प्रजापत, नंदलाल स्वामी, जयप्रकाश स्वामी, कन्हैयालाल शर्मा ने प्रशिक्षण में जनगणना का उद्देश्य, मुख्य विशेषताएं, विधिक प्रावधान, एचएलओ एवं नजरी नक्शा के बारे में बताया। प्रशिक्षण में कर्मचारी सतीश तिवाड़ी, विनोद भार्गव, प्रतीक महर्षि, अक्षय चौधरी, कुलदीप मरोलिया ने प्रशिक्षण सत्र की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। चार्ज अधिकारी किशनाराम पूनियां के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

## मोटिवेटिंग मंडे विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार मोटिवेटिंग मंडे थीम पर बाल भारती विद्यापीठ सी. से. स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसको रोकने के लिए कानून और उनमे प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था प्रधान शांतिलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी ने राष्ट्रीय, राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ और 1098 बच्चों की हेल्प लाइन, 15100 नालसा हेल्प लाइन, 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल टोल फ्री नंबर के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्था स्टाफ व सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हमीरपुरा-मणासिया मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के हमीरपुरा से मणासिया एवं जसरासर को जोड़ने वाला सार्वजनिक मार्ग बदहाल स्थिति में होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मार्ग को शीघ्र दुरुस्त करवाने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नंबर 458 स्थित यह रास्ता लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर पानी भरा रहने से आवागमन बाधित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 17 जून 2025 को भी इसी समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। समस्या जस की तस बनी रहने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मार्ग की मरम्मत नहीं करवाई गई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

## मण्डावा में अचानक तेज बारिश के साथ गिरे ओले

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में सोमवार शाम को बारिश के साथ ही ओले भी गिरे। दिनभर की गर्मी के बाद शाम होते-होते अचानक मौसम ने करवट ली। दिनभर तेज धूप के बाद शाम को अचानक बादलों की आवाजाही के साथ बारिश शुरू हो गई। वहीं तेज हवाओं के साथ ओले भी गिरे। तापमान में गिरावट देखने को मिली।



बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। अचानक बादलों की आवाजाही के बीच तेज बारिश होने की वजह से मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत महसूस की। अचानक मौसम ने करवट लेने के साथ ही बारिश हुई, जहां फुहारों के बीच वाहन सड़कों पर दौड़ते रहे। बारिश से सड़कें तर हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश का नजारा देखने को मिला। क्षेत्र में बारिश के साथ ओले भी गिरे। मण्डावा के प्रमुख मार्ग पर बारिश की ठंडी फुहार के बीच वाहन निकलते हुए नजर आए। वहीं शहर की सड़कें पानी से तर हो गई।

# सरदारशहर में 21 दिवसीय पांडित्य प्रशिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** सनातन संस्कृति के संरक्षण और वैदिक परंपराओं के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्री सप्तऋषि वेदवेदांग ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में 21 दिवसीय पांडित्य प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ संतों के पावन सान्निध्य में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संत सान्निध्य के रूप में पूज्य डॉ वागीश स्वरूप, कल्याण स्वरूप व केशव स्वरूप की उपस्थिति रही। जिन्होंने अपने आशीर्वचनों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंशीधर बोहरा ने की। मुख्य अतिथि के केशरीचंद शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा व मधुसूदन राजपुरोहित निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूनमचंद तिवारी जिला अध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा, सतीश मिश्र, मुरलीधर सिंवाल, गंगाराम मिश्र, सत्यनारायण पुरोहित, छगनलाल सेवदा, बालकृष्ण कौशिक व शंभुदयाल पारीक की गरिमामयी उपस्थिति रहे। ऋषिकुल आश्रम के अध्यक्ष हुलासमल व्यास ने सभी अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन करते हुए आश्रम के वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने आश्रम में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी भामाशाहों व दानदाताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुरोहित परिवार के सहयोग से निर्मित श्रावणी कर्म के लिए सरोवर व



दानदाताओं के सहयोग से निर्मित आधुनिक कंप्यूटर कक्ष का संतों के करकमलों से लोकार्पण किया गया जो आश्रम की प्रगति का सशक्त प्रतीक बना। शिविर निदेशक डॉ बालकृष्ण कौशिक ने शिविर की रूपरेखा, उद्देश्य व प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर युवाओं में वैदिक ज्ञान, संस्कार और पांडित्य विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। संतों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सनातन धर्म की महानता व ऋषिकुल परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज से अधिकाधिक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र कार्यों में तन, मन और धन से योगदान देना ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम के दौरान सभी आजीवन सदस्यों व भामाशाहों का अतिथियों की ओर से अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया?। इस अवसर पर सुरेंद्र दाधीच, महेंद्र देरासरी, पंडित मधुसूदन कौशिक, श्याम लाल गील, गिरधारीलाल पारीक, दुर्गाराम पारीक, प्रकाश पारीक, बजरंग लाल शर्मा, मदनलाल बबेरवाल, कमला प्रशाद जोशी, राधेश्याम गील, बलदेव, शिवप्रसाद, भींवाराम, रामनिवास, वैद्य महेंद्र शर्मा, कमल पुजारी, अमित शर्मा, गौरीशंकर चोटिया, पन्नालाल देरासरी, नवल किशोर, पवन पुरोहित, पंडित जनक दधीच, महावीर प्रसाद पारीक, रामप्रसाद पारीक, शिवकरण पारीक, देबीदत्त जोशी, महावीर प्रसाद शर्मा मेहरासर, ओमप्रकाश रुंथला सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अत्यंत प्रेरणादायी वातावरण में हुआ। जहां हर उपस्थित व्यक्ति के मन में यही भाव था यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण की एक सशक्त शुरुआत है।

# ग्रीन एक्सप्रेसवे के विरोध में किसानों का उबाल, जमीन नहीं देंगे' के नारों के साथ सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** पनियाला मोड़ कोटपुतली से किशनगढ़ अजमेर तक प्रस्तावित 181 किलोमीटर लंबे ग्रीन एक्सप्रेसवे के विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों किसान एकजुट हो गए। किसानों ने उपखण्ड अधिकारी राजवीर यादव नीमकाथाना को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट रूप से अपनी जमीन देने से इनकार कर दिया और परियोजना का बहिष्कार करने की घोषणा की।किसान महा पंचायत सीकर के जिला अध्यक्ष बलदेव यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री गोवर्धन सिंह तेतरवाल और नीमकाथाना तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि जब क्षेत्र के लोगों को इस एक्सप्रेसवे की आवश्यकता ही नहीं है, तो सरकार उनकी जमीन किस अधिकार से अधिग्रहित कर रही है।किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि एक्सप्रेसवे बनने से छोटे किसानों की जमीन सड़क में समा जाएगी, जबकि शेष जमीन दो हिस्सों में बंटकर अनुपयोगी हो जाएगी। इससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा और वे आर्थिक रूप से पूरी तरह



बर्बाद हो सकते हैं। बताया गया कि उपखण्ड अधिकारी राजवीर यादव राजस्व टीम के साथ ग्राम पंचायत हसामपुर स्थित अटल सेवा केंद्र में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए पहुंचे थे, लेकिन वहां बड़ी संख्या में किसानों की नाराजगी को देखते हुए उन्होंने ज्ञापन लेना ही उचित समझा।विरोध प्रदर्शन में राकेश सिंह तंवर (सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत हसामपुर), पूर्व सरपंच विजेंद्र सिंह तंवर, प्रकाश यादव, दिनेश यादव, महेश लखेरा, महावीर सिंह तंवर, धूड़ मल, बजरंग लाल यादव, नरेश कुमार सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और किसी भी सूरत में ग्रीन एक्सप्रेसवे का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## क्रेशर पर काम करने वाले मजदूर की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** बीरमसर पहाड़ी पर स्थित क्रेशर पर काम करने वाले मजदूर की रविवार की रात अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया, जहां पर सोमवार की दोपहर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने घटना को लेकर सोमवार को मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है। एएसआई रामकुमार ने बताया कि मध्यप्रदेश की संवरिया तहसील के गांव मेनहा निवासी 33 वर्षीय महेंद्रसिंह गौड़ ने दी रिपोर्ट में लिखा है कि वह और उसका 35 वर्षीय चाचा जयनारायण पुत्र रामावतार गौड़ बीरमसर पहाड़ी स्थित एक क्रेशर पर काम करते हैं। उक्त क्रेशर पर गांव के दो अन्य लोग भी काम करते हैं। रविवार की रात चाचा जयनारायण की तबितय बिगड़ गई, जिस पर वे लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## शव की शिनाख्त, परिजनों को सुपुर्द

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दो दिन पहले ट्रैन की चपेट मे आने से मृत व्यक्ति के शव की तीसरे दिन शिनाख्त हो गई। छापर रेलवे ट्रेक पर हिसार जोधपुर ट्रैन की चपेट मे आने से मृत हुए व्यक्ति के शव की पहचान गोपाल प्रजापत (58) पुत्र नरपतराज, निवासी मांडेता सुजानगढ़ के रूप में हुई। जिसमें टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान की भूमिका रही। कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल विद्याधर, कमलेश अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


## Name Change

DeclarationMy name is Nisha Bhartia whereas in my Class 10th mark sheet my name is recorded as Nisha Kumari Mittal, daughter of Jagdish Prasad. However, in all my other documents, my name is mentioned as Nisha Bhartia. Both these names belong to me.In future, I should be known and identified by the name Nisha Bhartia.Nisha BhartiaWife of Ajay BhartiaAddress: Near Pandia Tubewell, Ward No. 09, Sardarshahar.

## कार्यालयः - ग्राम पंचायत गुडावडी पंचायत समिति सुजानगढ. (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प. गुडावडी / मनरेगा / ई-नि / 2026-27/70 दिनांकः: 4/5/26

### ई-निविदा सूचना 03 / 2026-27

ग्राम पंचायत गुडावडी (पंचायत समिति सुजानगढ. (चूरू) में महात्मा गांधी नरेगा (VB GRAM G) की विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु सामग्री आपूर्ती वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाइन निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc. rajasthan. gov.in पर कर से वेब साईट सकते है ।

| क.सं. | कार्य का नाम विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गुडावडी में महात्मा गांधी नरेगा (VB GRAM G ) की विभिन्न योजनाओं में सामग्री आपूर्ती वर्ष 2026-27 हेतु | 60 लाख | 120000 |
| 4 | ऑन लाइन फार्म डाउनलोड व जमा / अपलोड करने की तारीख | 4.5.2026 साय 5 बजे से 13.5.2026 साय 6 बजे तक | |
| 5 | धरोहर राशि का घोषणा पत्र एवं निविदा शुल्क बेक डी. डी. / RISL Jaipur फीस के ई-चालान एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 14.5.2026 दोपहर 11 बजे तक | |
| 6 | ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 14.5.2026 दोपहर 2.00 बजे से | |

शर्ते व विवरणः- www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www. eproc. rajasthan. gov.in पर देखी एंव Downlond कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB NO.: UBN NO.

प्रशासक
ग्राम पंचायत गुडावडी
पंचायत समिति सुजानगढ. (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गुडावडी
पंचायत समिति सुजानगढ. (चूरू)

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक डी-78-87 दिनांक 30/04/2026

### ई - निविदा सूचना संख्या : 02/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य, Consultancy एवं सी.सी. सड़क निर्माण कार्य कुल 03 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई - निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट sppp.raj.nic.in eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A0269 के UBN No. निम्नप्रकार है

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB01205 | 2. | PWD2627WSOB01206 |
| 3. | PWD2627WSOB01207 | | |

DIPR/C/7774/2026

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा. नि. वि. खण्ड-तारानगर

# कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक- 15-20 दिनांकः- 4.5.2026

## खुली निविदा सूचना संख्या 01 (वित्तीय वर्ष 2026-27)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी. एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये में) | बोली प्रमन्त्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करने की दिनांक व समय | ऑफलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान कें समस्त गावों में पांच माह हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एवं पृथक्ककरण, सड़क दूकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 993400 | 19868 | 200 | दिनांक 4.5.2026 से साथ 06.00 बजे से दिनांक 11.5.2026 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 11.5.2026 समय 02.00 बजे | दिनांक 11.05.2026 साम 04:00 बजे |

NIBNO- ZCR2627A0157 UBN. is- ZCR2627SSOB00276

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http//sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान कार्यालय में जमा करावें ।

**विशेष नोटः-**

1. किसी कॉलम को खाली छोड़ने का तात्पर्य उस सूचना को शून्य माना जावेगा। फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.03.2026 तक का जी.एस.टी बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पैन कार्ड संलग्न करना आवश्यक है।
2. तकनिकी निविदा अमानत राशि का डी. डी. सभी वांछित प्रमाण-पत्र व निविदा की हस्ताक्षरित प्रति एक लिफाफे में जिस पर 'अ लिखा हो रखी जानी चाहिए।' वितीय निविदा प्रपत्र-ब' पृथक दूसरें बंद लिफाफे में रखा जाना चाहियें। 'तकनिकी निविदा प्रपत्र अ' तथा ' वितीय निविदा प्रपत्र- ब दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखें जावेगें काय का नाम सभी लिफाफों पर अंकित करे ।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ढढेरू**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ढढेरू**
**पंचायत समिति बीदासर**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
05 मई, 2026


## राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में प्रवेश प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** क्षेत्र की बेटियों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुल गए हैं। स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (BA/B.Sc.) प्रथम वर्ष में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने बताया कि प्रवेश की इच्छुक छात्राएं विभाग के पोर्टल के माध्यम से अपनी पसंद के संकाय में आवेदन कर सकती हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। संस्थान में कला संकाय के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी व उर्दू साहित्य सहित भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र और गृह विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय उपलब्ध हैं, वहीं विज्ञान के क्षेत्र में भविष्य बनाने वाली छात्राओं के लिए गणित व जीव विज्ञान के विकल्प मौजूद हैं। प्रवेश नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार ने छात्राओं को सतर्क करते हुए कहा है कि आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है, अतः सर्वर की तकनीकी दिक्कतों से बचने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर अपनी एसएसओ आईडी जन आधार और अंक तालिकाओं के साथ पंजीकरण सुनिश्चित करें।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा सुजानगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पर आयोजित की गई। इस अवसर पर पेंशनर गोविंद राम माली, जगदीश प्रसाद सैनी, रतनलाल माली, मंगतू राम नाई, छगनलाल माली, नेमाराम मेघवाल, लक्ष्मी नारायण बंजारा, बृजलाल पंवार, कन्हैयालाल मेघवाल, ओमप्रकाश सोनी, प्रकाशचंद नाई को जन्दिवस की शुभकामनाएं दी गई। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, सुरजाराम डाबरिया, विद्याधर पारीक, मन्ना लाल भींचर, तिलोकाराम दूधवाल, हुकमीचंद भोजक, नंद किशोर टेलर, सत्य नारायण स्वामी, हुसैन खान, सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, रामचंद्र गोदारा, प्रहलाद सिंह भाटी, ओंकाराराम, श्याम सुंदर माली, शायर सिंह सांसी, कुंदनमल जांगिड़, दीपाराम सांडेला, किशनलाल कटारिया, रामचंद्र गुर्जर, हाकम अली खां, दीने खां कायमखानी, रंजीत नाई आदि उपस्थित रहे। विद्याधर पारीक ने जनसंख्या पर अपने विचार रखे।

## सरकार से सही पैमाईश करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने राजस्व मंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपकर सैटलमेंट पेमाईश सही करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेटलमेन्ट पेमाईश में किसानो की जमीन कम व अधिक कर दी गई है। कई किसानों की भूमि को सिवाय चक घोषित कर दिया है, खेतो में जाने के लिये जो रास्ते बने हुए थे, कई जगह उनको बन्द कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने के पश्चात् भी अधिकारियों द्वारा समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गोदारा ने बताया है कि इस सेटलमेंट पेमाईश को दुरस्त कर नये सिरे से सही पेमाईश करवाई जाये। सेटलमेंट कर्मचारियों की हठ-धर्मिता के कारण आम किसान परेशान है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। अतः दुबारा सही पेमाईश की जाकर जनहितों को सुनिश्चित किया जावे। अनेक खेतो में जाने के लिये मार्ग के रूप में केवल पगडंडियां ही हैं, जिनको पेमाईश करने वाली कंपनी के लोगो ने टारगेट करके खत्म करने का काम किया है, जिसके कारण किसान काफी परेशान है। अतः पेमाईश में वापस पगडंडियों का उल्लेख करने की व्यवस्था की जाए।]

## मण्डावा में बंगाल में बीजेपी की जीत पर जश्न



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के के बाद मण्डावा में बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। सोमवार को फतेहपुर बस स्टैण्ड के सामने सिंघासन हवेली में नेताओं नेआतीशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को हराकर मिली जीत पर उत्साह जताया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी के साथ-साथ अन्य बीजेपी नेताओं ने बंगाल और असम में जीत पर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में ममता बनर्जी सरकार की नीतियों की आलोचना की और इसे जनता की जीत बताया। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर भाजपा नेता संदीप शर्मा, सुनील सैनी, कैलाश पीपलवा, एसएन इन्दोरिया, सत्यनारायण शर्मा, बबलू भाया, आलोक शर्मा, संदीप परिहार, विद्याघर सैनी, अमित सैनी, सुरेन्द्र पीपलवा, संजय परिहार, सचिन चेजारा, संजय शर्मा सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे। इसी प्रकार असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत होने पर मंडावा सुभाष चौक पर पटाखे फोड़कर एवं लड्डु खिलाकर जश्न मनाया इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्थान व्यापार प्रोत्साहन नीति 2025 लागू, 2 करोड़ तक ऋण पर मिलेगा ब्याज अनुदान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार ने रिटेल व होलसेल व्यापार में रोजगार बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान व्यापार प्रोत्साहन नीति 2025 लागू की है, जो 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र धौलपुर मितुल गोयल ने बताया कि नीति के तहत वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से व्यापार आधारित ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर राज्य सरकार ब्याज अनुदान देगी। योजना में अधिकतम ऋण सीमा 2 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। 1 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा 1 से 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और दिव्यांग आवेदकों को 1 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

# कांग्रेस नेताओं ने नगरपरिषद पर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ नगरपरिषद कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने अजय ढेनवाल के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाने, सफाई व्यवस्था में ट्रैक्टर्स के टेंडर समय पर कर जनता को राहत पहुंचाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया गया है। धरनार्थियों की ओर से प्रशासन को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ट्रेक्टर ट्रोली मय ड्राईवर डीजल श्रमिक औजार सहित निविदा लगाए जाने के बाद भी 30 मार्च तक टेंडर नहीं खोला गया। इसके बाद भी इस टेंडर को नहीं खोला जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक, सहायक अभियन्ता चारवी, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने पुराने ठेकेदार से साठ-गांठ करके पुराने टेन्डर की समय अवधि बढ़ाकर निविदा को केन्सिल करने का कुप्रयास भी किया। इसी प्रकार गांधी चैक स्थित नेहरू पार्क को भी जनता के लिए खोलकर यहां पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाने की आवश्यकता है, क्योंकि आमजन की सुविधार्थ बने इस पार्क पर वर्षो से ताला लगा है, जिसके कारण जनता को परेशानी होती है। धरनार्थियों ने बताया कि जब तक मांगे नहीं मानी जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर पहले दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कांग्रेस नेता सिराज खान कायमखानी, इकबाल खान, अजय ढेनवाल, इस्माईल खान, मधु बागरेचा, राजेश, सुनीता रावतानी, विक्रम, चांदाराम, हंसराज सियोता, मुकेश गोयल, शशिकांत तेजस्वी, पवन ढेनवाल, बिलाल, पवन आदि ने शिरकत की।

## सुजानगढ़ के प्रतिभागियों ने लहराया परचम, जीते 19 मैडल

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 प्रतियोगिता में सुजानगढ़ से 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 7 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 3 कांस्य पदक मिलाकर कुल 19 पदक सुजानगढ़ टीम ने अपने नाम किए। योग ट्रेनर सुमित्रा जोगी ने बताया कि सीनियर ए वर्ग में चंद्रकांता ने 2 स्वर्ण पदक, सीनियर वर्ग में अंजली पारीक ने 1 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक, प्रतिभा दर्जी ने 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, जूनियर वर्ग में मोहित प्रजापत ने 3 रजत पदक, सब जूनियर वर्ग में हर्षिता भाटी ने 2 स्वर्ण, 1 रजत, खुशी छरंग 1 रजत, दीपाली गेना 1 रजत, आरती इनानिया ने 2 रजत पदक, श्रद्धा सैन ने 1 स्वर्ण पदक और 2 कांस्य पदक अपने नाम करके पूरे सुजानगढ़ शहर का नाम रोशन किया। सुजानगढ़ टीम से ऋचा पारीक, सुमित्रा जोगी, उमा सैन, लतिका सांखला ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। टीम के सुजानगढ़ पहुंचने पर सुजानगढ़ योगासना ग्रुप की ओर से सभी विजेताओं का माला पहनाकर ओर मिठाई खिलाकर कुलदीप सैन, जयदीप सिंह राठौड़, कौशल भोजक, चित्रा बागड़ा, डिम्पल अग्रवाल, अनुष्का शर्मा, रेखा राठौड़, भगवती जांगिड़ आदि ने स्वागत किया। जिले भर में सुजानगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## गीता क्लासेज में बच्चों को वितरित किए बैग

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में बच्चों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ा जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जीवन में माता-पिता के महत्व के बारे में बताते हुए प्रेरित किया गया, कि वे प्रतिदिन घर से निकलते समय अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करें।

### भजन और हनुमान चालीसा से गूंजा परिसर:

कार्यक्रम संजय सिंघानिया ने बच्चों से महापुरुषों के जयकारे लगवाए। इसके बाद जनार्दन आचार्य ने बच्चों को पंचामृत का महत्व समझाया और गीता के पांच श्लोकों का सामूहिक पाठ करवाया। स्वामी जी की मधुर आवाज में प्रार्थना के बाद हर्षित सोनी और कान्हा ने बच्चों को हनुमान चालीसा और सामूहिक गीत का अभ्यास करवाया। नन्हीं रितिका सैनी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान नए बच्चों का उत्साह देखते ही बना। दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी और खुशी सैनी ने नए बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया। फाउंडेशन की ओर से बच्चों को पढ़ाई और दिनचर्या के लिए उपयोगी वस्तुएं जैसे-सरल गीता, डायरी स्कूल बैग, लंच बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री व उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यकर्ता पूनम शर्मा, ममता शर्मा, भाग्यलक्ष्मी शर्मा सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## जयपुर में पेट्रोल पंपों पर बड़ा एक्शन: 15 की जांच, 3 के नोजल सीज; लाखों की कम आपूर्ति उजागर

### उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को लेकर सख्ती, 37 हजार जुर्माना; आगे पूरे प्रदेश में चलेगा अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उपभोक्ताओं को सही माप में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधिक माप विज्ञान विभाग ने सोमवार को जयपुर जिले में व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया। मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर गठित तीन टीमों ने अजमेर रोड, सीकर रोड और दिल्ली रोड क्षेत्र में कुल 15 पेट्रोल पंपों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर तीन पेट्रोल पंपों के नोजल सीज किए गए, जबकि एक पंप को नोटिस जारी किया गया। साथ ही कार्रवाई करते हुए कुल 37 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

### कम आपूर्ति का खुलासा, लाखों की हेराफेरी:

जांच में आमेर तहसील के नींदड़-हरमाड़ा स्थित विनायक इंडियन ऑयल पंप पर प्रति 5 लीटर में 25 से 30 मिलीलीटर तक कम डीजल दिया जाना पाया गया। यहां प्रतिदिन करीब 8000 लीटर डीजल की बिक्री के आधार पर रोजाना 45 लीटर और महीने में करीब 1350 लीटर की कमी सामने आई, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई। पुराना दिल्ली रोड, शाहपुरा स्थित झंडी प्रसाद परमेश्वर लाल पेट्रोल पंप पर भी प्रति 5 लीटर में करीब 30 मिलीलीटर कम आपूर्ति पाई गई। यहां रोजाना 4500 लीटर बिक्री के हिसाब से प्रतिदिन 27 लीटर और महीने में लगभग 810 लीटर डीजल कम दिया जा रहा था, जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई गई। वहीं बगरू रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महेंद्र शर्मा एंड कंपनी पेट्रोल पंप पर एक नोजल से प्रति 5 लीटर में करीब 40 मिलीलीटर कम पेट्रोल दिया जा रहा था। यहां प्रतिदिन 5000 लीटर बिक्री के अनुसार रोजाना 40 लीटर और महीने में करीब 1200 लीटर की कमी सामने आई, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई।

### नोटिस और सख्त चेतावनी:

दिल्ली रोड स्थित हाईवे सर्विस स्टेशन, आमेर पर भी नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रदेशभर में चलेगा अभियान:

विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में पूरे राजस्थान में पेट्रोल पंपों की नियमित जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना और माप-तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि आमजन को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुंडुचेरी में बीजेपी की जीत पर सुजानगढ़ शहर के गांधी चैक में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिन्दबाद के नारे लगाए। बंगाल की जीत पर खास झालमुड़ी भी खिलाई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जीत के साथ विश्व स्तर के नेता के रूप में स्थापित हो गए हैं। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने कहा कि यह उन कार्यकर्ताओं की जीत है, जिन्होंने इस दिन के लिए बरसों तक अपना खून पसीना बहाया। मंडल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत आगे यूपी, हिमाचल, पंजाब समेत कई राज्यों की राजनीतिक दिशा तय करेगी। इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, बुद्धिप्रकाश सोनी, पवन माहेश्वरी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, भागीरथ करवा, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल दाधीच, प्रकाश भार्गव, नवरत्न पुरोहित, राजेश सुंदरिया, रिछपाल बिजारणियां, महेश शर्मा, रेलवंतमल पंवार, गणेश मंडावरिया, पंकज घासोलिया, प्रकाश मायछ, गौरव इंदौरिया, प्रियांशु लड़ा, प्रेमप्रकाश स्वामी, सौभाग कंवर, बलराम सोनी, प्रहलाद जाखड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा का जलवा, मंडावा में जश्न

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके बाद से भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। वहीं असम में भी पुनः बीजेपी की सरकार बनती नजर आ रही है। पुडुचेरी में भाजपा-एनडीए गठबंधन की सरकार तय मानी जा रही है। पांच में से तीन राज्यों में भाजपा को बहुमत मिलने पर भाजपा में जश्न का माहौल है। वहीं भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश पर खुशी जताते हुए इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व करार दिया है। उन्होंने मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा कि देवतुल्य जनता-जनार्दन, समर्पित कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। ढूकिया ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तुष्टिकरण और नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और 'विकसित भारत' के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण परिणाम का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के साथ-साथ 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को दिया। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व, मजबूत संगठनात्मक क्षमता और अथक परिश्रम की भी सराहना की। ढूकिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के स्नेह से यह ऐतिहासिक जनादेश संभव हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी आगे भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने अंत में एक बार फिर सभी को इस जीत के लिए बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र की मजबूती और जनविश्वास की बड़ी जीत बताया। भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के शासन से जनता त्रस्त, परेशान थी। वहां तुष्टीकरण की पराकाष्ठा थी और पूरे बंगाल में शरिया कानून चल रहा था। लूट-खसोट चल रही थी। टीएमसी के कार्यकर्ता वहां वसूली करते थे, जनता को परेशान करते थे। ममता बनर्जी सरकार के अधिकारियों ने खुलेआम लोगों को छूट दे रखी थी... निश्चित रूप से ममता बनर्जी का शासन समाप्त हो गया है और वहां भाजपा का शासन होगा।



## नीमकाथाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े व लड्डू बांटकर जताई खुशी



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निस)।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा आम चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुड्डुचेरी में मिली उल्लेखनीय जीत पर सोमवार को नीमकाथाना में विजयोत्सव मनाया। कार्यक्रम का आयोजन बाजौर हाउस में सायं 5:30 बजे किया गया, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिली इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस दौरान वर्तमान व पूर्व जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद, मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पूर्व न्यायालय परिसर में भी अधिवक्ताओं की ओर से लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और इसे पार्टी की नीतियों व नेतृत्व पर जनता के विश्वास का परिणाम बताया। विजयोत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और नारेबाजी कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में भाजपा विचारधारा से जुड़े सरपंचों व समर्थकों की भी उपस्थिति रही।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर झुंझुनूं में जश्न का माहौल

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार उत्सव मनाया। चुना चौक स्थित रामलीला मैदान के सामने सोमवार को विजय उत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जहां आतिशबाजी, मिठाई वितरण और भारत माता के जयघोषों से पूरा क्षेत्र भाजपा के रंग में रंग गया। वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि भाजपा की यह जीत देश की जनता के अटूट विश्वास, मजबूत नेतृत्व और विकासवादी सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और यही कारण है कि जनता का समर्थन लगातार बढ़ रहा है। विजय उत्सव का आयोजन गायत्री शर्मा व विनोद राजपूत के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की तथा 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुना चौक समिति अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत आमजन के विश्वास और पार्टी की नीतियों की स्वीकार्यता का प्रमाण है। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट पंकज बावलिया, एडवोकेट नीरज शर्मा, शिवचरण पुरोहित, सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल, बंटी सोनी, गोपी पुरोहित, गायत्री पुजारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और देर शाम तक विजय उत्सव का माहौल बना रहा।